

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 4 दिसंबर 2025

संवत 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष 14 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 85 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ समाज को बदलना होगा दिव्यांगों के प्रति नजरिया

दिल्ली क्राइम 3 की सफलता का लुफ्त उठा रही शेफाली शाह ◂◂ 6


# महिला की मौत के बाद लोगों में दहशत, जहरीली गैस रिसाव से पीड़ित दर्जनों लोग अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता**

**धनबाद:** बीसीसीएल पीबी एरिया के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के राजपूत बस्ती, मस्जिद मोहल्ला, 5 नम्बर समेत कई इलाके घनी आबादी वाला है। जहां बसे लोगों के ऊपर जहरीली गैस रिसाव के कारण मौत का साया मंडराने लगा है। जहरीली गैस रिसाव के कारण दर्जनों लोग की स्थिति बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें से बुधवार की रात एक महिला की मौत हो गई। जिसके बाद से लोगों में भय और आक्रोश हैं। लोग प्रशासन से सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग कर रहें हैं।



**गैस रिसाव के बाद भर्ती महिला की मौत :** राजपूत बस्ती के रहने वाले सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों से जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है। दर्जनों लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। विकास ठाकुर की 26 वर्षीय पत्नी प्रियंका देवी को तबियत बिगड़ने पर एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है।

उन्होंने बताया कि विकास की पत्नी अपने घर पर थी। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी शोरगुल करने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तो दरवाजा तोड़ दिया गया। जब अंदर जाकर देखा तो वह बेसुध अवस्था में मिली, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि जहरीली गैस के कारण ही प्रियंका की मौत हुई है। बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह घटना घटी है।

**पुनर्वासित नहीं कराने पर होगा उग्र आंदोलन :** उन्होंने कहा कि अगर जहरीली गैस की वजह से उस जगह पर लोगों का रहना ठीक नहीं है तो बीसीसीएल और प्रशासन को उन्हें सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करने की जरूरत है। यह इलाका करीब 10 हजार की घनी आबादी वाला है। प्रशासन के तरफ से घोषणा कराई जा रही है, लेकिन लोग तुरंत शिफ्टिंग की मांग कर रहे हैं। हमें व्यवस्थित तरीके से पुनर्वासित करने की जरूरत है। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

वहीं, सोलडी देवी ने कहा कि गैस रिसाव के कारण बच्चे और बड़े बीमार हो रहे हैं। प्रियंका देवी की मौत के बाद से लोग दहशत में हैं। वहीं विधायक राज सिन्हा ने कहा कि इलाके में जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है। गैस से प्रभावित दर्जनों लोग अस्पताल में भर्ती है। डीसी से बातचीत हुई है। उन्होंने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।

सीओ विकास आनंद ने कहा कि गैसा रिसाव को लेकर इलाके में अनाउसमेंट कराया जा रहा है। सुरक्षित स्थान पर दो शिवर लगाए गए हैं। जहां खाने-पीने और लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। लोगों से शिविर में जाने की अपील की जा रही है। अस्पताल में एक महिला की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम के बाद ही साफ हो सकेगा कि मौत की वजह क्या है। बीसीसीएल की टीम इलाके का मुआयना कर रही है। गैस रिसाव को तत्काल बंद करने की कार्रवाई बीसीसीएल की तरफ से की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को जान माल की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल हैं।

### वायु प्रदूषण पर संसद परिसर में विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

# सोनिया गांधी बोलीं-सरकार की जिम्मेदारी है कुछ करना

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर आज संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने मकर द्वार के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सांसदों ने मास्क और पोस्टर के साथ सरकार पर गंभीर कार्रवाई की मांग उठाई।कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा, कुछ करना सरकार की ज़िम्मेदारी है। छोटे बच्चे परेशान हैं, और मेरे जैसे बुजुर्ग लोगों के लिए भी यह मुश्किल है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ₹किस मौसम का मजा लें? बाहर देखें कि क्या स्थिति बनी हुई है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग सांस नहीं ले पा रहे हैं। हर साल यह स्थिति बिगड़ती जा रही है। हर साल सिर्फ बयानबाजी होती है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती...हमने बोला है कि सरकार इसपर कार्रवाई करे, हम उनके साथ खड़े हैं। यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, ₹मैंने आज काम रोको प्रस्ताव दिया है। दिल्ली में अदक 400 है, लोगों का बुरा हाल है बच्चों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। यह स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बड़ा संकट है इसपर सदन में चर्चा होनी चाहिए।





कांग्रेस सांसद अजय माकन ने कहा, ₹दिल्ली में, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार पार्टी हैं। दोनों में से कोई भी अब ब्लेम गेम नहीं खेल सकता जब तक दिल्ली में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सुधार नहीं होता, प्रदूषण का मुद्दा हल नहीं होगा। कांग्रेस के 15 साल के दौरान, हमारे पास सब कुछ कंट्रोल में था...बीजेपी और अअढ दिल्ली में प्रदूषण को रोकने में पूरी तरह से फेल हो गए हैं।

## झारखंड ईडी का गाजियाबाद और नोएडा के 20 ठिकानों पर छापा

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय की रांची इकाई ने चिटफंड घोटाले में गाजियाबाद और नोएडा के कुल 20 ठिकानों पर छापा मारा। मैक्सीजोन चिटफंड घोटाले में ईडी इससे पहले झारखंड स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।

ईडी ने मैक्सीजोन चिटफंड घोटाले की जांच के दौरान दूसरे दौर में राज्य से बाहर के ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी सुबह करीब छह बजे शुरू हुई। छापेमारी में रांची के अलावा दिल्ली सहित अन्य स्थानों के अधिकारियों को शामिल किया गया है।

झारखंड ईडी के जोनल कार्यालय ने चिटफंड घोटाले की जांच जमशेदपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। चंद्रभूषण सिंह और उसकी पत्नी इस कंपनी के निदशक हैं।

जमशेदपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद दोनों फरार हो गये थे। चंद्रभूषण सिंह और उसकी पत्नी नाम बदल कर नोएडा में रह रहे थे। स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया जा चुका है।

# जमशेदपुर में खुला झारखंड का पहला सिकल सेल एनीमिया लैब,मंत्री इरफान अंसारी ने किया उद्घाटन

**संवाददाता**

**जमशेदपुर:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी जमशेदपुर दौरे पर कई कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान खास महल स्थित सदर अस्पताल परिसर में बने राज्य का पहला सिकल सेल एनीमिया लैब का उद्धघाटन किया। मौके पर पोटका विधायक संजीव सरदार, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, टाटा स्टील के वीपीसीएस के अलावा जिला चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद रहे।



**बेहतर व्यवस्था भी जरूरी है: विधायक पूर्णिमा :** मौके पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया पीड़ितों की संख्या ज्यादा है। झारखंड में सिकल सेल एनीमिया जांच के लिए लैब की जरुरत तो पूरी हुई है लेकिन यहां थैलेसीमिया जांच के लिए बेहतर व्यवस्था भी जरूरी है। जिससे मरीजों को दूसरे जगह जाकर आर्थिक बोझ ना उठाना पड़े।

वहीं, विधायक संजीव सरदार ने कहा कि ग्रामीणों को सही और सुरक्षित चिकित्सा लाभ हो, सरकार इस दिशा में काम कर रही है। इस नए लैब का उद्धघाटन होना पोटका विधानसभा के लिए गर्व की बात है। जबकि टाटा स्टील के वीपीसीएस सुन्दर रामम ने कहा कि टाटा स्टील फाउंडेशन इस तरह की योजना के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करती है।

**पांच सौ बेड वाला बनेगा एक और अस्पताल :** इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में अब टइइर की सीट बढ़ाकर 250 कर दी गई है। इससे राज्य में डाक्टरों की तदाद भी बढ़ेगी। हमारा प्रयास है कि चिकित्सा के क्षेत्र में हर तरह की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर को इलाज का हब बनाएंगे। यहां पांच सौ बेड वाला एक और अस्पताल तैयार किया जाएगा। ऐसी व्यवस्था भी की जा रही है कि झारखंड में अब उउव और क्ळव का रेट पूरे राज्य में एक समान होगा। इसके अलावा प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु होने पर अस्पताल को बिना शुल्क के शव उनके परिजन को देना होगा।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पूरे राज्य में एक माह के अंदर एनीमिया और सिकल सेल की जांच कराएंगे। इस बीमारी को रोकना हमारी सरकार का लक्ष्य है। झारखंड के अस्पतालों में डॉक्टर नियमित सही समय पर आए। किसी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछले 20 साल में कुछ नहीं हुआ, लेकिन अब राज्य में चिकित्सा व्यवस्था बेहतर बनाएंगे। बता दें कि सदर अस्पताल परिसर में 6 करोड़ 38 लाख 90 हजार की लागत से 100 बेड वाला प्री फ्रैब्रिकेटेड हाई टेक सुविधा वाला सिकल सेल एनीमिया जांच लैब का निर्माण किया गया है।



## जगन्नाथपुर तालाब से व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** धुर्वा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर तालाब में गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों ने तालाब में शव को देखा, जिसके बाद तत्काल इसकी जानकारी धुर्वा थाना की पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

**किन परिस्थितियों में हुई मौत, पता कर रही पुलिस :** पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि व्यक्ति तालाब तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई है।

**मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस :** फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है। शुरूआती तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हत्या का मामला है या फिर कोई दुर्घटना। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लैंड फॉर जॉब केस में लालू-राबड़ी-तेजस्वी समेत कई बड़े नामों पर फैसला टला

# अब 8 दिसंबर को अगली सुनवाई



**नई दिल्ली :** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में गुरुवार को लैंड फॉर जॉब (जमीन के बदले नौकरी) घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई हुई, जिसमें फैसला टाल दिया गया। इस केस में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राज्यसभा सांसद मीसा भारती, हेमा यादव, तेज प्रताप यादव समेत 100 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया है। अदालत ने सीबीआई से सभी आरोपियों की विस्तृत स्थिति (स्टेटस रिपोर्ट) मांगी है। कोर्ट ने एजेंसी से कहा कि कई आरोपियों की मौत हो चुकी है, ऐसे में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि किसकी क्या स्थिति है। अदालत ने सीबीआई को 8 दिसंबर तक पूरी जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अब अगली सुनवाई 8 दिसंबर को ही होगी। सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार, रेलवे में नौकरी देने के बदले कई लोगों से जमीन ली गई थी और अधिकांश लेनदेन कैश में हुआ। कुछ सेल डीड्स को छोड़कर, अधिकतर ट्रांजैक्शन हवाला या नकद के रूप में होने का आरोप है। एजेंसी ने इस मामले में आईपीसी की धारा 120बी (साजिश), 420 (धोखाधड़ी), 467, 468, 471 (फर्जी दस्तावेज) और पीसी एक्ट 1988 की धारा 11, 12, 13, 8 और 9 के तहत चार्जशीट दायर की थी। सीबीआई का दावा है कि यह एक बड़े पैमाने पर किया गया संगठित भ्रष्टाचार था।

सुनवाई से जुड़े एक और महत्वपूर्ण मोड़ में, राबड़ी देवी ने हाल ही में कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की थीं। 28 नवंबर को उन्होंने तीन अहम याचिकाएं दाखिल कीं थी, जिनमें ईडी के दो मामलों (लैंड फॉर जॉब और आईआरसीटीसी घोटाला) और सीबीआई के लैंड फॉर जॉब केस को वर्तमान जज विशाल गोगने की अदालत से हटाकर किसी अन्य कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की गई थी।

इसके पहले, 24 नवंबर को भी राबड़ी देवी ने आईआरसीटीसी घोटाले की सुनवाई कर रही अदालत पर पक्षपात का आरोप लगाया था। उनका कहना है कि अदालत पूर्व-नियोजित तरीके से केस को आगे बढ़ा रही है और न्यायिक दृष्टिकोण निष्पक्ष नहीं दिख रहा है। इसी वजह से उन्होंने केस को ट्रांसफर करने की मांग की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट अब सीबीआई की ओर से 8 दिसंबर तक आने वाली स्टेटस रिपोर्ट का इंतजार करेगी। उसके बाद ही तय होगा कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया कैसे बढ़ेगी।

लैंड फॉर जॉब मामला लंबे समय से राजनीतिक और कानूनी चचाओं का केंद्र रहा है।

### रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज शाम पहुंचेंगे भारत

# पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात पर टिकी दुनिया की नजर

**नई दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय दौरे पर 4 दिसंबर को शाम 7 बजे के करीब भारत पहुंच रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए दिल्ली तैयार है। भारत दौरे पर पुतिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं की इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। यह यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से पुतिन का पहला भारत दौरा है। उम्मीद की जा रही है कि युद्ध खत्म करने को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हो सकती है। कई वजहों से मोदी-पुतिन के इस दौरे पर अमेरिका और चीन समेत दुनिया के तमाम देशों की निगाहें टिकी हैं। एक तरफ, यूक्रेन के साथ युद्ध की वजह से अमेरिका और यूरोपीय देश रूस से व्यापार रोकने के लिए भारत पर लगातार दबाव बना रहे हैं। ताजा उदाहरण में ट्रंप की टैरिफ नीति है। अमेरिका भारत पर मनमाने टैरिफ लगाकर उस पर रूस से ऊर्जा निर्भरता को कम करने के लिए लगातार दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, भारत ने अपना पक्ष साफ रखा कि वह अपने देश और यहां की जनता का हित पहले देखेगी।



तमाम दबावों के बीच भारत ने अमेरिका के साथ अपने सैन्य समझौते जारी रखे हुए हैं। भारत और रूस के बीच रक्षा समझौता काफी मजबूत है, जो पश्चिमी देशों के लिए चिंता का विषय है।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी पूरी तरह से रूस और पुतिन का विरोध कर रहे हैं। इस वजह से भारत में पुतिन और मोदी की इस मुलाकात से यूरोपीय देशों और अमेरिका को मिर्ची लगनी तय है। जिस तरह से अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने भारत पर रूस के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने का दबाव बनाया, इसे देखते हुए पुतिन का ये दौरा इस बात का संकेत है कि भारत अपनी नीतियों पर निर्णय खुद लेने में सक्षम है। दूसरे देश भारत को नहीं बता सकते कि उसे क्या करना है।

हालांकि, चीन और रूस के बीच के संबंध काफी अच्छे हैं। चीन ने पुतिन और मोदी की इस मुलाकात पर नजर बनाए हुए है। चीनी और अमेरिकी मीडिया में पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात की जोरशोर से चर्चा हो रही है।

कई प्रमुख विश्लेषकों ने बुधवार को आईएएनएस को बताया कि अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा समुदाय इस दौरे के मकसद, संभावित समझौतों के मायने और व्हाइट हाउस की राजनीतिक प्रतिक्रिया पर खास नजर रखेगी।

लीसा कर्टिस ने साफ कहा कि ₹अमेरिका को यह मीटिंग मददगार नहीं लगेगी, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रही है जब राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के खिलाफ अपनी लड़ाई बढ़ा रहे हैं और यहां तक ??कि यूरोप को ड्रोन घुसपैठ और साइबर-अटैक की धमकी भी दे रहे हैं। लीसा कार्टिस ने पहले ट्रंप सरकार में काम किया था और अब सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी में इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी प्रोग्राम की डायरेक्टर हैं। अमेरिका ने हाल ही में जिस तरह से अमेरिका ने टैरिफ के जरिए भारत के ऊपर दबाव बनाने की कोशिश की है, उसे लेकर कार्टिस ने कहा कि यह मुलाकात वाशिंगटन के लिए एक कूटनीतिक इशारा है। भारत को परेशान नहीं किया जाएगा। भारत अमेरिका के दबाव में नहीं झुकेगा। ना ही नई दिल्ली अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता को छोड़ेगी।

कार्टिस ने अमेरिका को सावधानी बरतने की सलाह दी और कहा कि वॉशिंगटन को ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए, क्योंकि भारत और रूस के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत संबंध रहे हैं।

ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन में काम कर रही तन्वी मदान ने कहा कि वॉशिंगटन खास तौर पर समिट की दो बातों पर नजर रखेगाः एक- पुतिन को दिए जाने वाले सेरेमोनियल ट्रीटमेंट का लेवल और दूसरा- डिफेंस और एनर्जी पर फाइनल परिणाम।

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी विशेषज्ञ यह देखेंगे कि कौन से सुरक्षा समझौते पर डील पक्की हुई है। मदान ने भारत की रूसी तेल खरीद पर फिर से ध्यान देने की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, ₹लोग तेल इंपोर्ट की हालत के हिसाब से आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे।

## समाचार सार



### मोबाइल दुकान में भीषण आग, 15-20 लाख का नुकसान

**खूंटी :** खूंटी के नेता चौक कर्रा रोड स्थित शिवाजी चौक पर गोबिंद मोबाइल दुकान में कल रात भीषण आग लग गई, जिसमें दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। अनुमानित 15 से 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

दुकान मालिक गोबिंद महतो के अनुसार, वे रोज की तरह शाम आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। लोगों ने बाल्टी-टब से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए।

अग्निशमन विभाग को सूचना देने के दस मिनट के भीतर ही दस्ता घटनास्थल पहुंचा और आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। आग बुझाने के प्रयास में गोबिंद महतो के दोनों पैर दुकान के टूटे शीशे से बुरी तरह जख्मी हो गए। यह क्षेत्र रिहायशी इलाका है, जहां कई दुकानें एक-दूसरे से सटी हुई हैं। आग से आसपास के दुकानदार भी डर गए थे, लेकिन अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ी तबाही रोकी जा सकी।

आस पास के लोगों ने बताया कि आधी रात के करीब बम फूटने की आवाज पर घर से बाहर निकलने पर पता चला कि सामने के मोबाइल दुकान में आग लगी है और दुकान में मोबाइल की बैटरी फैट रही थी जिसे लोग बम फूलने की आवाज समझ कर बाहर आए थे, नहीं तो ये आग और भी जादा विकराल रूप ले लेता और आस पास के कई घरों और दुकानों को भी नुकसान पहुंचाता। पर लोगो के जागरूकता और अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई ने एक बड़े हादसे को होने से रोका।

### उपायुक्त द्वारा मधुमक्खी पालन उपकरणों का वितरण



**खूंटी :** उद्यान विकास योजना के तहत जिला उद्यान कार्यालय खूँटी में आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त श्रीमती आर० रॉनिटा ने चयनित लाभुक किसानों को मधुमक्खी पालन के उपकरण वितरित किए।

कार्यक्रम में किसानों को मधुमक्खी बक्सा, मधुमक्खी छाता, एक्सट्रैक्टर सहित अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। उप विकास आयुक्त श्री आलोक कुमार की उपस्थिति में यह वितरण पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ।

अधिकारियों ने किसानों को मधुमक्खी पालन के लाभों से अवगत कराया और बताया कि यह न केवल शहद उत्पादन से अतिरिक्त आय का स्रोत है, बल्कि परागण के माध्यम से कृषि उत्पादन भी बढ़ाता है। उद्यान विभाग द्वारा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी श्री महेश राम, जिला कृषि पदाधिकारी श्री ह्षिकेश कुमार तथा उप परियोजना निदेशक (अळटअ) श्री अमरेश कुमार भी मौजूद रहे। सभी ने किसानों को योजना का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

यह पहल जिले में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने, किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से की गई है। इसे सतत कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### अटल पीठाधीश्वर व महामंडलेश्वर ने बाबा बासुकिनाथ मंदिर में किया पूजा -अर्चना



बासुकीनाथ : मार्गशीर्ष ( अगहन ) मास शुक्लपक्ष चतुर्दशी बुधवार के दिन बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में मुंबई महाराष्ट्र स्थित चिद ध्यानम आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती जी एवं जम्मू कश्मीर स्थित अटल अखाड़ा के अटल पीठाधीश्वर विश्वात्मानंद सरस्वती ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नेम निष्ठा एवं विधि विधान से पूजा अर्चना किया । पंडा दयानंद झा ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा बासुकिनाथ मंदिर के गर्भगृह में विधि विधान से पूजा अर्चना किया । पंडा दयानंद झा ने अपने सहयोगियों के साथ उन्हें पूजा अर्चना एवं आरती भी कराया ।

### सिविल सोसाइटी ने किया महापुरुषों को नमन



**दुमका :** बुधवार को सिविल सोसायटी,पटेल सेवा संघ और सरदार भागवत राउत मंच के संयुक्त तत्वावधान में सिविल सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा की अध्यक्षता में पटेल स्मारक स्थल पर भारत की दो महान् विभूतियों क्रमशः देशरत्न भारत रत्न भारतीय गणतंत्र के प्रथम राष्ट्रपति और संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू और महान् स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस जो अंग्रेजी सरकार के अत्याचार के विरोध में मुजफ्फरपुर के बमकांड में फांसी पर चढ़ गये थे,की जयन्ती का आयोजन किया गया और साथ ही साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के महान् सेनानी परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का जी की पूण्यतिथि पर उन्हें भी श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस आयोजन में विविध सचिव संदीप कुमार जय बमबम के साथ-साथ उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार घोष,वरीय सदस्य कुन्दन झा,भवानी शंकर प्रसाद,अरूण सिन्हा, विनोद कुमार राउत,अनिकेत झा,रिंकु मंडल, अजय कुमार, नंदकिशोर राउत एवं मसलिया +2 हाईस्कूल की छात्राएं उपस्थित थे।

# नगर निकाय चुनाव 2026 के सफल संचालन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक संपन्न

संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में नगर निकाय चुनाव 2026 के सफल संचालन एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन हेतु विभिन्न कार्यों की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




समीक्षा बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने बताया कि नगर परिषद दुमका में 21 वार्डों के लिए 42 मतदान केंद्र स्थापित हैं, जहां 40,739 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं नगर पंचायत बासुकीनाथ में 12 वार्डों हेतु 19 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें 14,254 मतदाता शामिल हैं। मतदान केंद्रों के वर्गीकरण की प्रक्रिया भी पूर्ण कर आयोग को भेज दी गई है, जिसमें नगर परिषद दुमका के लिए सामान्य, संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों का वर्गीकरण तथा बासुकीनाथ के लिए सामान्य और संवेदनशील केंद्रों का निर्धारण शामिल है।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि मतदान केंद्रों पर रैंप, बिजली, बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कर लें, ताकि निर्वाचन दिवस पर किसी भी मतदाता को असुविधा न हो। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।

बैठक में उपायुक्त ने जानकारी दी कि दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज में बज्रगृह स्थापित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित पदाधिकारी स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त नगर निकाय क्षेत्रवार डिस्पैच की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। नगर परिषद दुमका के लिए संभावित इनडोर स्टेडियम,दुमका को डिस्पैच स्थल के रूप में चिह्नित किया गया। नगर पंचायत बासुकीनाथ के लिए जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत उपयुक्त स्थल का चयन करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधी सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि आगामी नगर निकाय चुनाव 2026 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

## खतियान व छात्रों के मांग को लेकर आंदोलन तय : देवेंद्र नाथ महतो



संवाददाता

- विधायक जयराम महतो पदयात्रा को हरी झंडी से करेंगे विदा
- दिवसीय पदयात्रा सह एक दिवसीय विधानसभा समक्ष धरना प्रदर्शन।

**रांची :** राज्य में शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रही है। 5 दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर का चलेगी। विभिन्न जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर बहस होगा। इस दौरान 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' ने सदन के बाहर राज्यव्यापी आंदोलन करने का एलान कर दिया है। खतियान एवं छात्रों के विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। इसके तहत 06 दिवसीय पदयात्रा एवं एक दिवसीय विधानसभा समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। 04 दिसंबर को विधायक जयराम कुमार महतो डुमरी में हरि झंडी के साथ पदयात्रा को राजधानी के लिए विदा करेंगे। यह पदयात्रा अपने निर्धारित रुट बोकारो, हजारीबाग,रामगढ़ होते हुए (09 दिसम्बर को) राजधानी रांची प्रवेश करेंगे। एवं (मंगलवार को) विधानसभा के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने आज (बुधवार) सामूहिक मीडिया कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा की झारखंड सरकार के मुख्य सचिव महोदय, पुलिस निदेशक, एवं निर्धारित पदयात्रा रुट के सभी उपायुक्त महोदय को आंदोलन की सूचनार्थ प्रदान कर दिया गया है। खतियान के मांग को लेकर हमारा संगठन कटिबद्ध है। सरकार के प्रति छात्रों में भारी नाराजगी है। सरकार छात्रों के मांगों को लेकर लगातार नजर अंदाज कर रही है ।डुमरी चिरैया मोड़ (शुरूआत) होकर - बगोदर - विष्णुगढ़ चौक (हजारीबाग)- टाटीझरिया- दारू - सदर - सिघानी चौक - कौरा चौक- मटवारी चौक - डिस्ट्रिक मोड़ (गांधी मैदान) - पुराना बस स्टैंड चौक - नया बस स्टैण्ड चौक - संत कोलंबस चौक - भारत माता चौक - चूरचू - मांडू (रामगढ) - रामगढ़ चौक - पटेल चौक - ओरमांझी चौक (रांची) - विकास चौक - बीआइटी मोड़ - बूटी मोड़ - बरियातू रोड - रिम्स चौक - करमटोली चौक - एसएसपी चौक - मछलीघर चौक - सूचना भवन चौक - रातु रोड चौक - किशोरगंज चौक - सहजानंद चौक - हरमू चौक - अरगोड़ा चौक - बिरसा चौक - पुराना विधानसभा चौक - शहीद मैदान चौक - नया विधानसभा परिसर (धरना-प्रदर्शन स्थल)।

बताते चलें कि इससे पूर्व मंगलवार को रायल ब्लू रेस्टोरेंट हजारीबाग में पार्टी संगठन पदाधिकारियों के द्वारा सामूहिक बैठक हुई थी। जिसमें आंदोलन के सुचारू सफल पर गंभीर चर्चा परिचर्चा किया गया।

## विधायक अमित महतो ने अपने जन्मदिन पर किया विकास योजनाओं का शिलान्यास



संवाददाता

**सिल्ली :** विधायक अमित महतो ने अपने जन्मदिन पर अपने विधानसभा क्षेत्र केसिल्ली सोनाहातू एंव राहे प्रखंड में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया. सिल्ली के देलबेड़ा मंदिर के समीप उच्च स्तरीय पुल, सिल्ली में नाला कोंचो, हजाम व जारू में पीसीसी पथ, ग्राम विकास उच्च विद्यालय में 2 कमरे का अतिरिक्त साइंस लेब , सोनाहातु प्रखंड के डांग डूंग घाट में रोड भाया दुलमी, दिल्गुमारा से चंदनडीह पथ, राहे प्रखंड में महेशपुर से राहे तक पथ एंव जीएम स्कुल वसन्तपुर में 2 कमरे का अतिरिक्त साइंस लेब आदि शामिल है जिसका शिलान्यास विधायक अमित महतो के उपस्थिति में संबंधित गाँवों के बुजुर्ग महिलाओं ने आधारशिला रखी. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सिल्ली की जनता के चरणों में सर्वप्रथम मैं नमन करता हूँ कि उन लोगों ने मेरे ऊपर भरोसा किया और भरोसा करके मुझे अपना आशीर्वाद दिया है, लोगों की भरोसा को टूटने नही देंगे. श्री महतो ने आगे कहा की सरकार की हर योजना गरीब के जीवन को बदलने के लिए है, योजनाओं की लाभ गरीब-गुरबें, शोषित वंचित जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे इसके लिए मैं हमेशा प्रयायरत रहा हूं. मौके पर जिप सदस्य बादल महतो राहे लक्ष्मी देवी मुरी पूर्वी झामुमो नेता रोहिताश चौधरी पशुपति अहीर महतो किसलय महतो संतोष महतो चंद्रशेखर महतो समीर ठाकुर विजय साव लखिलेश कुम्हार संतोष महली रोहित घटवार समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## खलारी में घर व दुकान से 1.71 लाख के सामान की चोरी

**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र के अमरूस धौड़ा में मंगलवार की रात चोरों ने एक ही परिवार के घर और दुकान में सेंध लगाकर करीब 1 लाख 71 हजार रुपए के सामान की चोरी कर ली। स्थानीय निवासी मनीरूद्दीन अंसारी (पिता अब्दुल सत्तार अंसारी) के घर तथा दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने सोने का बाली, सोने की अंगूठी, चांदी के चार पायल, चांदी का हार, बिछिया समेत लगभग एक लाख मूल्य के गहनों की चोरी की। इसके अलावा राशन दुकान से 30 हजार रुपये नकद व श्रृंगार दुकान से बाला सहित अन्य सामग्री और 40 हजार रुपए नकद उड़ा ले गए। चोरों ने पास में स्थित अजवंती सामाट (पति स्व. गोपाल सामाट) के घर का भी ताला तोड़ा, परंतु कुछ चोरी नहीं कर सके। घटना की जानकारी बुधवार सुबह तब हुई जब मनीरूद्दीन के छोटे भाई ने उठकर देखा कि चारों ताले टूटे हुए हैं और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही स्वजन पहुंचे और चोरी की पुष्टि हुई। घटना के समय मनीरूद्दीन की मां असमीना खातून महुआखूरा गांव में थीं, जबकि छोटा बेटा खलारी में ही था। मनीरूद्दीन ने खलारी थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने स्थल का निरीक्षण किया। खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने बताया कि चोरी की घटना की जांच शुरू कर दी गई है। लगातार हो रही चोरी से इलाके में दहशत है और लोगों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

## दिव्यांग बच्चों को दी गई निःशुल्क विधिक जानकारी

**खलारी :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को खलारी के राजकीय मध्य विद्यालय बुकबुका तथा पुरनी राय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डालसा के प्रतिनिधि मुन्नू शर्मा ने दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क विधिक जानकारी प्रदान की और उन्हें उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से अवगत कराया। विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी करते हुए पेंटिंग बनाई। बच्चों ने अपनी भावनाओं, सोच और कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया, जिससे विद्यालय का वातावरण रचनात्मकता और आत्मविश्वास से भर गया। इस दौरान मुन्नू शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि डालसा हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिए कानूनी मदद हमेशा उपलब्ध है और डालसा इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुन्नू शर्मा के साथ शिक्षक अमरलाल सतनामी, कुलदीप एक्का, जगदीश नायक व सुखदेव उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों का पालन करें छात्र : सुरेश बैठा

### एसीसी उच्च विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई जयंती

संवाददाता

**संजय रुंगटा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा डाक्टर राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संजय रुंगटा ने शाल ओढ़ाकर विधायक का सम्मान किया।**

**खलारी :** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में डाक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुरेश बैठा उपस्थित थे। विधायक व विद्यालय के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा डाक्टर राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संजय रुंगटा ने शाल ओढ़ाकर विधायक का सम्मान किया। वहीं शिक्षाविद सह विद्यालय के सचिव सजी बालकृष्णन नायर, प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी तथा उप प्रधानाध्यापिका अर्चना उपाध्याय ने विधायक को बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के टापर छात्रों–सतीशकुमार चौहान, शिफा परवीन और नैंसी कुमारी को विधायक ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में सुरेश बैठा ने डाक्टर राजेंद्र प्रसाद के सादे जीवन, ऊंचे विचार और देश के प्रति समर्पण को याद करते हुए छात्रों से उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के उपरांत विधायक की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की वार्षिक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्य शामिल हुए। बैठक में विद्यालय से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और विभिन्न निर्णय लिए गए।

## दो बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल

**मुरी/सिल्ली :** रांची पुरुलिया रोड स्थित झारखंड मोड़ के पास दो बाइकों की आमनेझसामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय हीरो स्प्लेंडर बाइक पर सवार मुकेश कुमार महतो उम्र लगभग 18 वर्ष, पिता प्रफुल्ल महतो, ग्रामझपोस्ट तूलिन, पश्चिम बंगाल निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिल्ली से तुलिन की ओर जा रही स्प्लेंडर बाइक की टक्कर विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मुकेश सड़क किनारे गिरकर बेहोश हो गया। वहीं दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया।हादसे के बाद स्थल पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत मुरी ओपी पुलिस को सूचना दी और गंभीर रूप से घायल मुकेश को पास के सिंगपुर नर्सिंग होम उपचार के लिए भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं, जिससे इस क्षेत्र में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर निगरानी बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि लगातार हो रहे हादसों पर नियंत्रण लगाया जा सके।मुरी ओपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है और फरार बाइक सवार की तलाश जारी है।

## टीबी मुक्त बनाने का अभियान चल रहा : अमिता लाल

**बेड़ो :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में टीबी मरीजों के लिए एक टीबी कैम्प का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमन एक्का ने कहा कि टीबी से अब घबराने की जरूरत नहीं है। सरकारी अस्पतालों में इलाज से टीबी के मरीज बिल्कुल स्वस्थ हो रहे हैं और टीबी से ग्रसित मरीज ठीक होकर टीबी मुक्त होकर टीबी चैंपियन बन रहे हैं। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमिता लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पूरे भारत वर्ष को टीबी मुक्त भारत बनाने का अभियान चल रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज बुधवार को बेडो.सीएचसी में आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर मुंबई के द्वारा 52 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। वहीं मरीजों के बीच निक्षय पोषण आहार किट का वितरण किया गया।कैम्प के दौरान टीबी मरीजों के घरवालों में से 33 का इग्रा टेस्टऔर 31 का एक्स-रे भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमन एक्का, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक- अमिता लाल, ब्लॉक एकांउट मैनेजर विनोद वर्मा, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक कैसर अंसारी, सीनियर ट्रीटमेंट लैब सुपरवाइजर सुनिल किस्कू, स्टोर इंचार्ज अमित मिंज, ब्लॉक डाटा प्रबधक राजीव कुमार, एफपीडब्ल्यू निशाद अहमद, लैब टेक्नीशियन पंकज शर्मा, मुफीद, और आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर मुंबई के टीम मेंबर - प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार और गुड्डू कुमार ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### शीतकालीन सत्र को लेकर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने की उच्चस्तरीय बैठक

# झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से



**संवादामा**

**रांची:** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 दिसंबर से शुरू हो रहा है. 11 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र को लेकर बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने उच्च स्तरीय बैठक की. विधानसभा स्पीकर कक्ष में हुई इस बैठक में संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर के अलावे राज्य सरकार के सभी विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे. इस मौके पर स्पीकर ने शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में आने वाले प्रश्नों का ससमय और समुचित जवाब सरकार की ओर से आने का निर्देश अधिकारियों को दिए. इसके अलावे इस सत्र में आने वाले विधेयक को भी समय पर सभा सचिवालय के समक्ष रखने का आग्रह किया.

स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा यह काफी अहम सत्र है. सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इसको लेकर बैठक की गई है. इस दौरान अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि सदन में आने वाले जवाब समुचित हो, जिससे सदस्यों को सत्ता पक्ष के द्वारा संतुष्ट किया जा सके. स्पीकर ने कहा कि विधेयक ससमय आने से उसपर चर्चा अच्छे ढंग से होती है. इसलिए उच्च स्तरीय बैठक में इन सब बातों का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं. सदन के समय का सदुपयोग होः राधाकृष्ण किशोर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सत्ता पक्ष और विपक्ष से सदन के समय का सदुपयोग करने का आग्रह किया है. उच्चस्तरीय बैठक के बाद मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस शीतकालीन सत्र की अवधि काफी कम है, इसके बावजूद सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य इसके समय का सदुपयोग कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि शनिवार और रविवार को छोड़कर यह शीतकालीन सत्र 5 से 11 दिसंबर तक चलेगा. मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि शीतकालीन सत्र को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है. हम उम्मीद करते हैं कि प्रतिपक्ष सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करेगा. जनता से जुड़े सभी सवालों का जवाब सरकार के द्वारा सदन के माध्यम से सदस्यों को देने का काम किया जाएगा. मंत्री ने कहा कि इस सत्र के दौरान 8 दिसंबर को चालू वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट सदन के पटल पर लाया जायेगा. जिसपर चर्चा के बाद पारित होने की संभावना है. उन्होंने कहा कि यह द्वितीय अनुपूरक बजट से मूल बजट पर ना तो कोई वित्तीय भार पड़ेगा और ना ही कोई करों में वृद्धि की जायेगी और ना ही जनता पर कोई बोझ डाला जायेगा.

## झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर निषेधाज्ञा

**रांची :** विधानसभा भवन में षष्ठम झारखंड विधानसभा के चतुर्थ (शीतकालीन) सत्र रांची में 05 से 11 दिसंबर तक आहूत है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के आलोक में विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा (नया विधानसभा) परिसर के 750 मीटर के दायरे में (माननीय उच्च न्यायालय झारखंड, रांची को छोड़कर) निषेधाज्ञा जारी की गई है।

यह निषेधाज्ञा 05 दिसंबर के सुबह 08 बजे से 11 दिसंबर के रात्रि 10 तक के लिए तक प्रभावी रहेगा।

## शीतकालीन सत्र में लंबित बिलों को पारित कराए हेमंत सरकार : विजय शंकर

रांची : आदिवासीझ्रमूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि 5 दिसंबर से प्रारंभ होने वाला शीतकालीन सत्र केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि झारखंड की पहचान, अधिकार और भविष्य की निर्णायक परीक्षा है। उन्होंने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा कि वर्षों से लंबित झारखंडी हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयकों और नीतियों पर अब तत्काल कार्रवाई अनिवार्य है, क्योंकि ह्लअब देरी, अन्याय के समान है।

नायक ने कहा कि ह्लयह सत्र झारखंड के अस्तित्व की लड़ाई है। इतने वर्षों से लंबित मुद्दों पर अब और प्रतीक्षा झारखंडी जनता के अधिकारों पर प्रहार है। सरकार और सदन को इस बार इतिहास रचना होगा।ह्व उन्होंने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति/नियोजन नीति को झारखंडी युवाओं की पहचान, रोजगार और सामाजिक न्याय से जुड़ा सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए कहा कि इसे पुनः विधानसभा से पारित कर केंद्र के समक्ष मजबूत रूप में रखा जाना नितांत आवश्यक है।

नायक ने कहा कि न्यायालयों और सरकारी संस्थानों में झारखंडी भाषाओं को आधिकारिक दर्जा देने पर तत्काल निर्णय होना चाहिए, ताकि स्थानीय जनता को प्रशासन और न्याय तक सहज पहुंच मिल सके। उन्होंने भूमि संबंधी विवादों, दलाली और अवैध ट्रांसफर रोकने के लिए शक्तिशाली झारखंड भूमि सुधार आयोग के गठन की भी जोरदार मांग की।साथ ही कहा कि सरना धर्म कोड को पुनः विधानसभा से पारित कर केंद्र को भेजना अत्यंत जरूरी है, ताकि आदिवासी समुदाय को जनगणना में उनका पृथक धर्म कोड मिल सके।

## इनफोर्समेंट टीम की हुई समीक्षा बैठक

रांची। रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण-मुक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में आज उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान और स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए कई जरूरी निर्देश दिए गए।

**हरमूझ्रविद्यानगर मार्ग में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान :**

हाईकोर्ट के निर्देश पर रांची नगर निगम की टीम ने आज हरमूझ्रविद्यानगर रोड और हरमू नदी के किनारे विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क और फुटपाथ पर लगी अवैध दुकानें हटाई गईं। लगभग 50 से ज्यादा अस्थायी ढांचे, शेड और बांस-बल्ली भी हटाए गए।

## राजद-कांग्रेस को छोड़े झामुमो तभी झारखंड का भला : प्रवीण प्रभाकर

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि बिहार चुनाव में राजदझ्रकांग्रेस ने झामुमो को अपमानित किया था। झामुमो में जरा भी आत्मसम्मान है तो उसे अविलंब राजदझ्रकांग्रेस से नाता तोड़ लेना चाहिए। पहले भी राजदझ्रकांग्रेस का चरित्र झारखंड विरोधी रहा है। इसलिए झामुमो जितनी जल्दी राजदझ्रकांग्रेस से पीछा छुड़ा लेगी उतना ही झारखंड का भला होगा। श्री प्रभाकर ने मेदिनीनगर सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत कहा कि झामुमो जब तक राजदझ्रकांग्रेस के साथ रहेगा तब तक राज्य का विकास मुश्किल है। हेमंत सरकार में कोई रोडमैप नहीं दिखता। राज्य में वित्तीय संकट बढ़ता जा रहा है। विकास कार्य पूर्णतः ठप है। दो वर्ष से एसटी, एससी, ओबीसी छात्रों को पोस्टझ्रमैट्रिक छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है, जिसके लिए आजसू ने राजभवन का घेराव किया था। हेमंत सरकार युवाओं को न तो रोजगार दे रही है और न बेरोजगारी भत्ता। श्री प्रभाकर ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति भी ठीक नहीं। पूर्व डीजीपी पर गैंगस्टर से संबंध का आरोप लगा है। रोज हत्याएं हो रही हैं। श्री प्रभाकर ने कहा की मंडल डैम का कार्य पूर्ण हुए बिना पलामू प्रमंडल के जल संकट का स्थाई निदान सम्भव नहीं है। मंडल डैम का कार्य पूर्ण होने से पुरे पलामू प्रमंडल का जल स्तर, पेय जल संकट, पर्यावरण संतुलन एवं पर्यटको के आवागमन से रोजगार की संभावना विकसित होगी। प्रेस वार्ता में केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान समेत केंद्रीय सचिव विकेश शुक्ला, विजय मेहता, बबलू गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह छोटू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी शुक्ला, सतीश तिवारी आदि उपस्थित

## नाम के शब्दों से भावनात्मक लगाव बढ़ता है : बाबूलाल मरांडी

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी तंत्र और भवनों को जनता से जोड़ने के लिए किया पहल

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज भवन का नाम लोक भवन करने केलिए प्रधानमंत्री जी का एवं निर्णय को झारखंड में अविलंब लागू करने पर बधाई शुभकामनाएं दी।

श्री मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता को शासक बोध से हटाकर लोक सेवा के रूप में स्थापित करने की लगातार पहल की है। कहा कि चाहे मंत्री गण ,वरीय पदाधिकारियों के गाड़ियों से लाल पीली बत्ती हटाने का निर्णय हो या फिर राज पथ को कर्तव्य पथ बनाना,प्रधानमंत्री आवास को लोक कल्याण मार्ग ,केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन,राजभवन को लोक भवन और पीएमओ को सेवा तीर्थ के रूप में नामांकित करना जैसे निर्णय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने खुद को प्रधानमंत्री की जगह प्रधान सेवक कहलाना तय किया है। कहा कि इतना ही नहीं विकलांग शब्द को हटाकर दिव्यांग कहना यह बताता है कि प्रधानमंत्री जी भारत के एक एक नागरिक की भावनाओं के कितने करीब हैं। श्री मरांडी ने कहा कि ये शब्दों का परिवर्तन मात्र नहीं बल्कि मोदी सरकार की नीति और नीयत को दशार्ता है।

# रांची में बढ़ती ठंड के बीच जिला प्रशासन सक्रिय शहर और प्रखंडों में अलाव की व्यापक व्यवस्था



**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम लोगों, विशेषकर जरूरतमंद और बेघर नागरिकों के लिए पूरे जिले में अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी है. रात के तापमान में लगातार गिरावट के बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर शहर और ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी व्यक्ति को ठंड से परेशानी न हो।

**जगह-जगह पर की गई अलाव की व्यवस्था :** जिला प्रशासन ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की है. मोरहाबादी, अल्बर्ट एक्का चौक, लालपुर, चुटिया, नामकुम, रातू रोड सहित भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जगह-जगह अलाव जलाए गए हैं, जिनका लाभ खासतौर पर रिक्शा चालक, फुटपाथ पर सोने वाले लोग, दिहाड़ी मजदूर और रात में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को मिल रहा है. इसके अलावा जिला प्रशासन ने जिले के सभी 18 प्रखंडों में भी अलाव की व्यवस्था की है. प्रखंड मुख्यालयों, पंचायत भवनों, हाट-बाजारों, बस स्टैंडों और प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं. हर प्रखंड में कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राहत मिल सके।

उपायुक्त ने पहले ही अंचल अधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए थे कि अलाव की व्यवस्था तत्काल शुरू की जाए. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि लकड़ी, केरोसिन और अन्य आवश्यक सामग्री की कोई कमी न होने पाए।

**जरूरतमंदों के लिए जारी किया व्हाट्सएप नंबर :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिले में किसी भी नागरिक को ठंड से परेशानी न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है. उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अलाव नियमित रूप से जलते रहें और यदि किसी क्षेत्र में अतिरिक्त अलाव की आवश्यकता हो तो तुरंत व्यवस्था की जाए.

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं अलाव की जरूरत महसूस हो या कोई व्यक्ति ठंड से परेशान दिखे तो तुरंत प्रशासन के अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 पर सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके. रांची में ठंड तेज होने के साथ जिला प्रशासन की यह पहल जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है।

## पुलिस- व्यवसायी समन्वय समिति ने की बैठक

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा पुलिसझ्रव्यवसायी समन्वय समिति की बैठक बुधवार को डेली मार्केट थाना में हुई।बैठक में थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर (यातायात) पवन कुमार सहित थाना क्षेत्र के बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य पुलिस और व्यवसायी वर्ग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा क्षेत्र की विधि-व्यवस्था से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा करना था।

बैठक में मेन रोड की विभिन्न गलियों में ठेले-खोमचों एवं ई-रिक्शा के कारण उत्पन्न जाम की समस्या पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बताया गया कि नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा मेन रोड में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ठेले-खोमचे गलियों में शिफ्ट हो जाते हैं जिससे इन क्षेत्रों के मुहानों पर लगातार जाम की स्थिति बनती है। व्यापारियों ने दुकानों के गेट पर वेंडर्स की भीड़ से व्यापार प्रभावित होने तथा रात के समय नशेड़ियों के जमावड़े से उत्पन्न कठिनाइयों से भी अवगत कराया। चर्चा के क्रम में यह महसूस किया गया कि नगर निगम और पुलिस के बीच समन्वय के अभाव में समस्या और अधिक बढ़ी है। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने सड़कों पर व्यापारिक गतिविधियों के कारण शहर की छवि पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस विषय पर नगर प्रशासक से शीघ्र वार्ता की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा लक्ष्य है कि रांची सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को सुरक्षित, व्यवस्थित और व्यापार-अनुकूल बनाया जाए ताकि शहर और जिलों की सकारात्मक छवि और मजबूत हो। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य अनीश बुधिया, पूर्व महासचिव प्रदीप जैन, सदस्य पूनम आनंद, प्रेम मित्तल और बिनोद टेकरीवाल ने भी अपने विचार साझा किये। लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने कहा कि मेन रोड और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण और असामाजिक तत्वों की समस्याएं व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों के लिए चुनौती बनी हुई हैं। इन मुद्दों के समाधान के लिए पुलिस, नगर निगम और व्यवसायी समाज तीनों का बेहतर तालमेल आवश्यक है। मौके पर चैम्बर के कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सदस्य मुकेश पांडेय, शशांक भरद्वाज, राजीव चौधरी, लक्ष्मण कुमार, नितेश गुप्ता, चंद्र प्रकाश जैन, राकेश बुधिया, राजेंद्र प्रसाद, एसपीसिंह, इस्लाम साजिद, मो अख्तर, असफाक अहमद, मो शमीम, मो ताकीद, मो नसीम, साजिद उमर, मो फिरोज के अलावा मेन रोड व्यवसायी संघ, डेली मार्केट दुकानदार संघ और थाना क्षेत्र के काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### रांची में झारखंड आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

# डीसी ने किया प्रमाण पत्र का वितरण



**रांची:** झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के लिए रांची में बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया. मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में हुए इस समारोह में जिले के तीन हजार से अधिक अधिसूचित झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया.

**आंदोलनकारियों को दिया गया प्रमाण पत्र :** कार्यक्रम में रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन मौजूद थे. दोनों अधिकारियों ने चुनिंदा आंदोलनकारियों को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण-पत्र सौंपकर राज्य सरकार की ओर से सम्मान व्यक्त किया.

**आंदोलनकारियों को मिलेगी सामाजिक सुरक्षा:**डीसी कार्यक्रम में डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड आंदोलनकारी राज्य निर्माण की नींव हैं और उनके संघर्ष को हमेशा याद रखा जाएगा. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आंदोलनकारियों की सामाजिक सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के संरक्षण को लेकर गंभीरता से काम कर रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड राज्य आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष और बलिदान की बदौलत अस्तित्व में आया है और वे भविष्य में भी राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे.

**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.**

Quotation Notice

Short Quotation Reference No. WRD/MID/RANCHI- 04/2025-26

Letter No. ---------------Date-------------

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Quotation for Purchase of 100 no the desk bench frame must be made out of 25.4x25.4x1.2mm thk MS ERW tube powder coated upto 50-60 microns at base which must be welded the desk and seat supports which must be made up of 1mm thk powder coated MS U Section. The stiffeners must be provided between 2 vertical frames at base and back of seat which are made up of 25.4x25.4x1.2mm thk powder coated ERW tubes. The tubes must be closed with plastic caps. Additional powder coated MS U sections must be provieded below the desk and seat to add rigidity to the structure. The storage shelves must be made up of 0.6mm thk powder coated MS Sheet affixed below the desk either sides of the vertical frame of the desk for hanging. The complete understructure must be assembled using of M5 taptite screws. The Seat, back and desk panel must be provided which must be made up of 25mm thk BWR Grade plywood with 2mm PVC Edgebanding. (Minor Irrigation) |
| 2. | Date/Time for submission of Quotation | 18.12.2025 from 10:00am to 3:00pm |
| 3. | Date of Opening Quotation | 18.12.2025 at 4:00 pm |
| 4. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 9835451527 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

5. The Department will not be responsible for any delay in submission due to any reason what so ever.
i. GST Registration
ii. PAN Card

PR 367642 Minor Irrigation(25-26).D

Executive Engineer
Minor Irrigation Division
Ranchi

### झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक

# मनरेगाकर्मियों के मानदेय में होगी बढ़ोतरी

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बुधवार को बैठक हुई. जिसमें मनरेगाकर्मियों के हित, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण रोजगार सशक्तीकरण पर व्यापक चर्चा की गई. ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रालय में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं.

मनरेगाकर्मियों का मानदेय बढ़ाने का निर्देश

बैठक में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मनरेगाकर्मियों का मानदेय तत्काल 30% बढ़ाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इससे मनरेगाकर्मियों की आर्थिक सुरक्षा और कार्य क्षमता सुदृढ़ होगी. उन्होंने मनरेगाकर्मियों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस, एक्सीडेंट इंश्योरेंस के साथ-साथ लाइफ इंश्योरेंस



उपलब्ध कराने के लिए एक अलग प्रस्ताव तैयार करने का भी निर्देश दिया. साथ ही कार्मियों के ग्रेड पे को लेकर भी विभाग को प्रस्ताव शीघ्र लाने के लिए कहा.

इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि ग्रामीण जनता को रोजगार का जो अधिकार दिया गया है, उसकी मजबूती और निरंतरता सुनिश्चित करना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है. इस बैठक में राज्यभर में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई और आने वाले समय में इसके और सशक्त क्रियान्वयन पर रणनीति तय की गई. मनरेगा से राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती : दीपिका ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि दीदी बाड़ी योजना के मजबूत होने से ग्रामीण महिलाओं को नई शक्ति मिली है और मनरेगा ने राज्य में रिकॉर्ड मैन-डेज निर्माण कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है. बैठक में केंद्र सरकार द्वारा बिना तैयारियों के लागू की गई तकनीकी प्रणाली के कारण मटेरियल पेमेंट में हो रही देरी पर भी विस्तृत चर्चा हुई. उन्होंने भरोसा जताया कि विभाग केंद्र सरकार के साथ सकारात्मक समन्वय में काम कर रहा है और समस्या का समाधान जल्द मिलेगा। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध है, लेकिन कृषि की विशाल संभावनाओं को भी मनरेगा के माध्यम से सशक्त किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि राज्य के जलझ्रजंगलझ्रजमीन की सुरक्षा में मनरेगा एक अत्यंत प्रभावी अधिकार है और इस दिशा में भी बैठक में आवश्यक कदमों पर चर्चा हुई. बैठक में मंत्री हफिजुल हसन के अलावे विभागीय अधिकारी, परिषद के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## सपा सांसद जया बच्चन के बिगड़े बोल

समाजवादी पार्टी की एक सांसद हैं जया बच्चन। देश में जाना पहचाना नाम है। हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री हैं। पति अमिताभ बच्चन भी अभिनेता हैं। देश के प्रसिद्ध कवि , राज्यसभा सदस्य रहे पद्मविभूषण स्वर्गीय हरिवंश राय श्रीवास्तव (बच्चन) की बहू हैं। पिछले कुछ वर्षों से अपनी तुनक मिजाजी के कारण चर्चा में रहने वाली जया बच्चन ने एक विवादित बयान दिया है। उनका कहना है कि वे कभी नहीं चाहेंगी कि उनकी पोती विवाह करे। विवाह उनके लिए पुराना कॉन्सेप्ट है। जया बच्चन यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने कहा कि उनकी पोती को अपने जीवन को ₹एन्जॉयर₹ करना चाहिए।

जया बच्चन ये बात बरखा दत्त के शो ₹वी द वीमेनर₹ में कही। ये वही बरखा दत्त है, जिनपर भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। जो नीरा राडिया टेप विवाद में फंसी थीं, जो 2-जी स्पेक्ट्रम घोटाला मामले से जुड़ा था। आयकर विभाग ने जब नीरा राडिया के फोन टैप किए, तो उसमें से बरखा दत्त और नीरा राडिया के बीच कॉर्पोरेट लॉबिस्टों और कांग्रेसी राजनेताओं के बीच संबंध और राजा की दूरसंचार मंत्री के रूप में नियुक्ति को प्रभावित करने की बातचीत सामने आई थी। साथ ही मुम्बई में 26/11 के आतंकी हमलों में अपनी रिपोर्टिंग से सेना के गोपनीय मूवमेंट का खुलासा करने पर लताड़ी गयी थी। खैर, अभी बात जया बच्चन की, तो जब जया बच्चन विवाह जैसे पवित्र संस्कार पर मुंह बिचकाकर बात करती हुई नजर आती हैं, तो उनका असल चेहरा सामने आता है। उनकी बुद्धि पर तरस भी आता है। एक हिन्दू परिवार में जन्म लेने के बाद जया बच्चन विवाह को ₹कॉन्सेप्टर₹ शब्द से जोड़कर एक भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही हैं। साथ ही नई पीढ़ी की लड़कियों के सामने वामपंथी और पाश्चात्य नैरेटिव सेट करने की कोशिश भी करती दिखाई देती हैं। दरअसल जया बच्चन विवाह का निकाह, मैरिज जैसे शब्दों के साथ घालमेल करने की नाकाम कोशिश कर रही हैं। पहले फिल्मों में उनके पति अमिताभ बच्चन 786, दरगाह, मस्जिद, हज को ग्लोरीफाई करते नजर आते थे। हिन्दू देवी-देवताओं के सामने ₹आज खुश तो बहुत होंगे तुमर₹ जैसे सलीम-जावेद द्वारा लिखित स्तरहीन डायलॉग बोलते दिखाई देते थे। मंदिर का बहिष्कार करना और चर्च, क्रॉस, दरगाह और 786 नम्बर को प्रमोट करना उनकी हर फिल्म की स्क्रिप्ट में अनिवार्य रूप से होता ही था। अब उनकी पत्नी समाजवादी पार्टी की नेता बनकर उसी लाइन को बढ़ाने में लगी हैं।हिंदू धर्म में चार पुरुषार्थ बताए गए हैं ,धर्म , अर्थ , काम और मोक्ष । विवाह संस्कार का उद्देश्य काम नामक पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे ' मोक्ष ' की ओर बढ़ना है। स्त्री और पुरुष के जीवन में कई महत्वपूर्ण बातें विवाह से जुड़ी होती हैं, जैसे सन्तान को जन्म देकर अपने वंश को बढ़ाना और पितृ ऋण से मुक्त होना। जीवन की विभिन्न सुखद घटनाओं का साक्षी बनना, गृहस्थ आश्रम को स्थापित करना, सामाजिक स्थिति और समृद्धि को प्राप्त करना इत्यादि। विवाह के बाद कई नए संबंधों द्वारा स्नेह और आदर दोनों प्राप्त करना। अपने घर के वरिष्ठजनों के अनुभव से जीवन मे सफलता पाना। अपनी सन्तति को संस्कारित करना, उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना। घर के बड़े बूढ़ों की सेवा सुश्रुषा करना। हमारे समाज में विवाहित स्त्री को आदर के साथ देखा जाता है। माथे पर कुमकुम लगाए, गले में मंगलसूत्र , हरी-लाल चूड़ियां, बिछिया और छह या नौ गज की साड़ी पहने स्त्री को देखकर देखने वाले के मन में उसके प्रति स्वतः ही आदर उत्पन्न होता है। विवाह के पश्चात पत्नी, पुत्रवधू, मौसी, ननद आदि संबंधों के कारण स्त्री को स्वतः ही सम्मानजनक स्थान प्राप्त होता है। कोई भी स्त्री पत्नी और माता के रूप में घर, परिवार व समाज में उच्च स्थान प्राप्त करती है। शास्त्रों के विधि विधान के अनुसार विवाहित पुरुष पत्नी की अनुपस्थिति में यज्ञ, हवन जैसे धार्मिक संस्कार नहीं कर सकते। धार्मिक कार्यों में भी उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण होती है। कई रीति रिवाज, पूजा पाठ विवाहित स्त्रियों के बिना संपन्न नहीं होते। यह सम्मान हमारे यहां विवाहित स्त्रियों को प्राप्त होता है। हमारी संस्कृति में विवाह जन्म-जन्मांतर का साथ है। तलाक या डाइवोर्स शब्द हमारे शब्दकोश में नहीं है। जबकि निकाह या मैरिज कॉन्ट्रैक्ट जैसा बन्धन होता है। जब इस्लाम में मियां बीवी साथ नहीं रहना चाहते तो निकाह वाले तीन बार तलाक बोलकर अलग हो जाते हैं। यहाँ केवल शौहर को तलाक लेने का हक है, मुस्लिम महिलाएं तलाक नहीं दे सकतीं, लेकिन ₹खुलार₹ ले लेती हैं। वहीं ईसाई समुदाय में मैरिज करने वाले डाइवोर्स ले लेते हैं। निकाह एक कानूनी अनुबंध है जो ₹शरियार₹ के अनुसार होता है। दूल्हे को दुल्हन को एक निश्चित शुल्क देना पड़ता है, जिसे 'मेहर' कहा जाता है। मैरिज भी एक कानूनी बंधन है। अमेरिकन डिक्शनरी टी११ ह्री२३ी१ के अनुसार, मैरिज एक कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त अनुबंध है। जो कानून द्वारा विघटित हो सकता है। यह उत्तराधिकार और चिकित्सा संबंधी निर्णय लेने जैसे कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। हमारे यहां विवाह जन्म और मृत्यु के बीच होने वाले सोलह संस्कारों में से एक है। जो न केवल वर वधु को, अपितु पूरे परिवार को ईश्वर को साधने के मार्ग प्रशस्त करता है। गृहस्थी हमारे यहां आश्रम कहलाती है। पवित्र अग्नि समेत प्रकृति के पांचों तत्वों, पूर्वजों, देवी-देवताओं, कुटुंब, समाज, मित्र, सम्बन्धी आदि की उपस्थिति में ईश्वर को साक्षी मानकर विवाह संस्कार सम्पन्न किया जाता है। ये केवल दो व्यक्तियों का नहीं, अपितु दो परिवारों, कुटुम्ब, समाज और राष्ट्र को जोड़कर रखने वाली प्रक्रिया है। जया बच्चन ने जिस तरह कहा है कि उनकी पोती जीवन को एन्जॉय करे, यह सुनकर याद आता है कि किस तरह न्यूयॉर्क में 1840 में फलांक्स नाम के कम्यून बनाये गए, जहां शादी अनिवार्य नहीं थी, फ्री लव का कॉन्सेप्ट था। 1848 में न्यूयॉर्क में ओनेडा कम्युनिटी बनाई गई, जहां कॉम्प्लेक्स मैरिज में हर पुरुष हर स्त्री का पति और हर स्त्री हर पुरुष की पत्नी मानी जाती थी। पश्चिम में ऐसे बीसियों उदाहरण हैं। फिल्मों से समाज का विघटन करते, सनातन पर आघात करने का षड्यंत्र करते करते अब इस तरह के नैरेटिव बनाने की कोशिश की जा रही है। इस तरह के बयानों का तत्काल विरोध करने की जरूरत है। जया बच्चन को अपने बच्चों का क्या भविष्य तय करना है, ये उनका व्यक्तिगत अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक रूप से हमारी सामाजिक व्यवस्था पर चोट करने का उनको कोई अधिकार नहीं है।

# घुसपैठ और शरणार्थी समस्या पर अमेरिका की दोहरी नीति

अमेरिका से आए दो समाचार विश्व मीडिया में सुर्खियां बने। एक समाचार नवंबर के अंतिम सप्ताह का है। इसमें कहा गया कि यूएससीआईएस ने 19 देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकालने की कार्रवाई तेज करने की है। यह संस्था अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के बाद सक्रिय हुई जिसमें कहा गया कि वे ह्यथर्ड वर्ल्ड कंट्रीजह्व से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, और जो आ गये हैं उन्हें अमेरिका से बाहर करेंगे।

**रमेश शर्मा**

घुसपैठ और शरणार्थी समस्या पर अमेरिका की दोहरी नीति सामने आई है। संयुक्त राज्य नागरिकता और आव्रजन सेवाएं (यूएससीआईएस) ने 19 देशों के सभी नागरिकों को अपने देश से निकालने का अभियान छेड़ दिया है। यूएससीआईएस अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की एक एजेंसी है। यह देश में नागरिकता और आव्रजन प्रणाली का प्रबंधन करती है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य अमेरिका आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने भारत में शरणार्थियों की पहचान करने की कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया है और उन्हें भारत में ही बसाने का दबाव भी बनाया है। नवंबर में अमेरिका से आए दो समाचार विश्व मीडिया में सुर्खियां बने। एक समाचार नवंबर के अंतिम सप्ताह का है। इसमें कहा गया कि यूएससीआईएस ने 19 देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकालने की कार्रवाई तेज करने की है। यह संस्था अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के बाद सक्रिय हुई जिसमें कहा गया कि वे ह्यथर्ड वर्ल्ड कंट्रीजह्व से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, और जो आ गये हैं उन्हें अमेरिका से बाहर करेंगे।

थर्ड-वर्ल्ड के रूप में अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मध्य एशिया के देश माने जाते हैं। यूएससीआईएस ने 19 देशों की एक सूची भी जारी की है। इनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला हैं। इन देशों में विकास की गति धीमी है। यहां के नागरिक अपनी गरीबी और बेरोजगारी दूर करने केलिये अन्य देशों में जाते हैं। अमेरिका उनकी पहली प्राथमिकता होता है। ट्रंप ने इन देशों के नागरिकों को ₹अमेरिका के लिये चिंताजनकर₹ माना है। इनको अपने यहां से निकालने की तैयारी भी कर ली है। इसकी तैयारी तो जून 2025 से ही हो रही थी लेकिन हाल ही दो अमेरिकी सैनिकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रशासन ने यह काम अपनी पहली प्राथमिकता में ले लिया है। यह हमलावर अफगानिस्तानी नागरिक रहमनुल्लाह लाकनवाल था। इसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस हमले में अमेरिकी नेशनल गार्ड्स के एक सैनिक की मृत्यु हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ था।

इस हमले के बाद राष्ट्रपति ने इन देशों से अमेरिका आने वाले नागरिकों पर तीखी टिप्पणी की। राष्ट्रपति की इस घोषणा के बाद यूएससीआईएस के निदेशक जो एडलो ने कहा कि राष्ट्रपति के निर्देश पर यह जांच ह्यपूरी तरह कठोर और फुल-स्केलह्व होगी। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति यह खुली घोषणा कर रहे हैं कि जो लोग अमेरिका से प्यार नहीं करते उन्हें निकाला जायेगा वहीं अमेरिकी सरकार की ही एक अन्य संस्था यूएससीआईआरएफ भारत में घुसपैठियों की जांच पर आपत्ति जता रही है। यह संस्था अमेरिका सहित संसार के विभिन्न देशों में धार्मिक की स्वतंत्रता के सार्वभौमिक अधिकार पर अपनी रिपोर्ट तैयार करती है। वार्षिक रिपोर्ट के अतिरिक्त भी समय-समय पर इसके पदाधिकारियों की टिप्णियां आती हैं। संस्था ने इसवर्ष अपनी रिपोर्ट भारत-मुस्लिम समाज पर केंद्रित की है और बहुसंख्यक हिन्दुओं एवं भारत सरकार पर मुसलमानों को धार्मिक आधार पर उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। इस रिपोर्ट में नागरिकता के सत्यापन और घुसपैठियों को बाहर करने की कार्रवाई को मुसलमानों के धार्मिक अधिकार से जोड़कर तीखी आलोचना की गई है।

रिपोर्ट में भारतीय सुरक्षा एजेंसीज की आतंकवादियों और अपराधियों पर की जाने वाली कार्रवाई को भी मुसलमानों के धार्मिक अधिकार से जोड़कर आपत्तिजनक माना गया है। दुनिया के किसी भी देश में अपराधी अथवा आतंकवादी को धार्मिक आधार पर बचाव नहीं किया जाता। अमेरिका में भी नहीं। लेकिन भारत में अपराधी के धार्मिक और मानवाधिकार दिखते हैं। भारत में एक भी ऐसी घटना नहीं घटी जहां बहुसंख्यक समाज ने किसी अल्पसंख्यक को धार्मिक आधार पर उत्पीड़ित किया हो। यहां तो इसके बिलकुल विपरीत होता है। धार्मिक आधार पर बहुसंख्यकों पर हमले होते हैं। वे भयभीत होकर मकान दुकान बेचकर अन्यत्र भाग रहेहैं। लेकिन यह अमेरिकी रिपोर्ट यह भी लिखती है कि भारत सरकार, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर, धार्मिक अल्पसंख्यकों के विरुद्ध व्यापक उत्पीड़न और हिंसा को बर्दाश्त करती है और कभी-कभी उसे बढ़ावा भी देती है।

रिपोर्ट में कमिश्नर स्टीफन श्नेक ने कहा है कि₹ मुसलमानों को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए मजबूर करना उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर व्यक्तियों को सीधे निशाना बनाना है और नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों पर अंतरग्राष्ट्रीय संधि के तहत भारत के दायित्वों का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ₹हम ट्रंप प्रशासन से आग्रह करते हैं कि वह भारत सरकार के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों में धार्मिक स्वतंत्रता को शामिल करे और मुस्लिम आबादी और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दे।

यूएससीआईआरएफ ने भारत में रोहिंग्या घुसपैठियों की तलाश कर उन्हें वापस भेजे जाने पर भी आपत्ति की है और कहा है कि उन्हें शरणार्थी माना जाना चाहिए। अध्यक्ष विकी हार्टजलर ने इसे अंतरराष्ट्रीयकानून और गैरवापसी के सिद्धांत की घोर अवहेलना माना है। इस संस्था को पाकिस्तान और बंगलादेश में हिन्दुओं की हत्या और घटती आबादी नहीं दिख रही, लेकिन भारत पर उंगली उठाई जा रही है। इसकी रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधा गया है और कहा है कि यह संगठन धार्मिक परिवर्तन रोकने का प्रयास करता है। रिपोर्ट की यह पंक्ति परोक्ष रूप से उन तत्वों की करतूतों पर परदा डालने वाली है जो भारत में छल प्रपंच से धर्मांतरण का अभियान चलाये हुये हैं। इस रिपोर्ट में गोहत्या रोकने के प्रयास और पाठ्य पुस्तकों से मुस्लिम शासकों से जुड़े संदर्भ हटवाने के लिये भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा गया है। यह रिपोर्ट जिस समय आई है और जिस प्रकार प्रस्तुतिकरण किया गया है, वह भारत के निवासियों की धार्मिक स्वतंत्रता का विश्लेषण नहीं अपितु भारत में घुसपैठ, आतंकवाद और अलगाववाद को संरक्षण देने का कुचक्र लगता है।

इन दिनों भारत में मतदाता सूचियों का सत्यापन कार्य (एसआईआर) चल रहा है। कुछ दल और कुछ कट्टरपंथी इस सत्यापन का विरोध कर रहे हैं। वे घुसपैठियों को मतदाता बनाये रखने का अभियान चला रहे हैं। इस रिपोर्ट में भारत विरोधी ऐसे ही अभियान की स्पष्ट झलक दिखाई दे रही है। भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाली एवं भारत की एकता को तोड़ने वाले कट्टरपंथियों और आतंकवादियों को प्रोत्साहित करने वाली यह पहली रिपोर्ट नहीं है। इससे पहले भी इस संस्था की कुछ रिपोर्ट भारत के विरुद्ध आईं हैं। भारत सरकार ने गत वर्ष भी इस संस्था की रिपोर्ट को खारिज कर दिया था और इस वर्ष भी तथ्यहीन बताकर खारिज कर दिया है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# समाज को बदलना होगा दिव्यांगों के प्रति नजरिया

न्यायालय ने एसएमए क्योर फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई करते हुये केंद्र सरकार से दिव्यांगों और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों का उपहास करने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को अनुसूचित जाति-अनुसूचित जन जाति अधिनियम की तर्ज पर दंडनीय अपराध बनाने के लिए एक कानून बनाने को कहा है।उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अभद्र, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की आवश्यकता है।

**रमेश सर्राफ धमोरा**

तीन दिसंबर को देश-दुनिया में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। आजादी के 78 वर्ष बाद भी देश में दिव्यांगों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ हैं। दिव्यांग लोग आज भी समाज में बराबरी के अधिकारों के लिये संघर्षरत हैं। सरकारी स्तर पर भी कागजी कार्रवाई ज्यादा हुई है। धरातल पर आज भी दिव्यांगों की स्थिति दयनीय है। समाज में उनका मजाक उड़ाया जाता है। ऐसी ही एक घटना से नाराज होकर कुछ दिनो पूर्व देश के उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने पर विचार करने को कहा । न्यायालय ने एसएमए क्योर फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई करते हुये केंद्र सरकार से दिव्यांगों और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों का उपहास करने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को अनुसूचित जाति-अनुसूचित जन जाति अधिनियम की तर्ज पर दंडनीय अपराध बनाने के लिए एक कानून बनाने को कहा है।उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अभद्र, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की आवश्यकता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस बारे में न्यायालय को सूचित किया कि सरकार में कुछ दिशा-निर्देश बनाने पर विचार हो रहा है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हास्य किसी की गरिमा की कीमत पर नहीं हो सकता। याचिका में इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट समय रैना और सोशल मीडिया पर प्रभावशाली लोगों, विपुन गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के चुटकुलों की निंदा की गई थी। अदालत ने उन्हें भविष्य में अपने आचरण के प्रति सावधान रहने का निर्देश दिया। न्यायालय ने हास्य कलाकार रैना और अन्य को दिव्यांग व्यक्तियों, विशेष रूप से स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए धन जुटाने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों की सफलता की कहानियों पर प्रत्येक माह दो कार्यक्रम या शो आयोजित करने का भी निर्देश दिया।अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर इस वर्ष का विषय है सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में हर वर्ष 3 दिसंबर को अंतरग्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की थी। तब से सरकार ने देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनाई हैं। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेंशन की योजना भी शुरू की है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं महज एक मजाक बनकर रह गई हैं। इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है। इसको मनाने का उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक ह्यदिव्य क्षमताह्व है और उनके लिए ह्यविकलांगह्व शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण हैं जो बताते है कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। भारत में दिव्यांगो की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगो को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। शक्तिशाली शासक तैमूर लंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गंवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन की दायीं टांग नहीं थी। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूक-बधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है।राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) से एकत्र किए गए द्वितीयक डेटा के भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद प्रकाशन के विश्लेषण के अनुसार भारत में विकलांग लोगों की कुल व्यापकता जनसंख्या का 4.52 प्रतिशत है। भारत विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का एक पक्ष है। यह डेटा दर्शाता है कि भारत में लगभग 6 करोड़ 32 लाख 80 हजार लोग किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ जीवन यापन करते हैं। लोकोमोटर (गतिशील) विकलांगता सभी विकलांगताओं में सबसे आम है, इसके बाद मानसिक और वाक (बोलने से संबंधित) विकलांगताएं हैं। भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है। देश में दिव्यांगो को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगो को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केंद्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को सीधी भर्ती वाली केंद्रीय सेवाओं में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगो को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है ,जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है।

# आध्यात्मिक शक्ति और ज्ञान का पर्व दत्त



हिंदू धर्म में मार्गशीर्ष की पूर्णिमा काफी शुभ मानी जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश के संयुक्त अवतार भगवान दत्तात्रेय का जन्म हुआ था। इसलिए यह दिन बेहद खास माना जाता है। दत्तात्रेय जयंती भक्तों को आध्यात्मिक शक्ति, शांति और ज्ञान की प्राप्ति का अवसर देती है। इस पर्व को दत्त जयंती के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि भगवान दत्तात्रेय की पूजा से त्रिदेवों की पूजा के बराबर का फल प्राप्त किया जा सकता है।

**तिथि और मुहूर्त**

हिंदू पंचांग के मुताबिक 04 दिसंबर की सुबह 08:37 मिनट से मार्गशीर्ष पूर्णिमा की शुरूआत होगी। वहीं अगले दिन यानी की 05 दिसंबर 2025 की सुबह 04:43 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। उदयातिथि के हिसाब से 04 दिसंबर 2025 को दत्तात्रेय जयंती मनाई जाएगी।

**कौन हैं भगवान दत्तात्रेय**

धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक भगवान दत्तात्रेय त्रिदेव यानी की ब्रह्माजी, भगवान विष्णु और भगवान शिव का संयुक्त स्वरूप हैं। उनकी शिक्षाएं हमें सरल जीवन, ध्यान, संयम और आत्मज्ञान का संदेश देती हैं। पुराणों में दत्तात्रेय के 24 गुरुओं का भी उल्लेख मिलता है, जिनसे भगवान दत्तात्रेय ने जीवन जीने की महत्वपूर्ण सीखें प्राप्त की थीं। भक्तों का मानना है कि दत्तात्रेय की कृपा से सफलता, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति मिलती है।

**महत्व**

इस दिन भगवान दत्तात्रेय की पूजा करने से एक साथ त्रिदेव की पूजा के बराबर पुण्य फल मिलता है। इस दिन भगवान व्रत करते हैं और मंत्र का जाप करते हैं।

## टिप्स

### मोटापा और पिंपल्स से छुटकारा

वीगन एक लाइफस्टाइल और आहार है जो पूरी तरह से पशु उत्पादों से मुक्त होता है। वीगन लोग न केवल मांस, डेयरी उत्पादों और अंडों से परहेज करते हैं, बल्कि किसी भी प्रकार के पशु उत्पाद जैसे शहद, जिलेटिन और कुछ प्रकार के खाद्य पर्दाथ का भी सेवन नहीं करते। इसके अलावा, वीगन लोग अक्सर पशुओं से बने कपड़े, ब्यूटी प्रोडक्ट और अन्य उत्पादों का भी इस्तेमाल नहीं करते। वीगन आहार में फल, सब्जियां, अनाज, नट्स और बीज शामिल होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माने जाते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे वीगन डाइट लेने से क्या-क्या होता है, यह शरीर, स्किन और ओवरऑल हेल्थ को कैसे लाभ पहुंचाता है। वीगन डाइट चेहरे को चमकदार बनाती है शाकाहार अपनाने से आपकी चेहरे की चमक दोगुनी हो जाती है। कहा जाता है कि जो हम खाते हैं, उसका असर हमारी त्वचा पर जरुर दिखता है। इसलिए आप फ्रूट्स, सब्जियां, मेवों और बीजों को जरुर खाएं। इनके सेवन से स्वस्थ और चमकदार त्वचा बन जाती है। बेरीज, पालक, फूलगोभी, ब्रोकोली और गाजर जैसे सब्जियां खाने से शरीर को एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ए, सी और ई से प्राप्त होता है। इनके सेवन से समय से पहले एजिंग साइन्स नहीं आते है। वहीं, चेहरे की झुर्रियां गायब हो जाती है, जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है। जैसा कि हम सभी जानते हैं, फलों और सब्जियों में पानी की मात्रा अधिक होती है जो शरीर को प्राकृतिक रूप से हाइड्रेटेड रखती है। हर व्यक्ति को अपने दैनिक आहार में खीरा, संतरा और खरबूजा जैसे फल और सब्जियां शामिल करनी चाहिए।
अपनी डाइट में से डेयरी उत्पादों और ऑयली पदार्थों को हटाने से अक्सर मुंहासों, काले धब्बों और पिगमेंटेशन को कम करने में मदद मिलती है। क्योंकि डेयरी प्रोडक्ट्स और ऑयली फूड खाने से हमारे शरीर में हार्मोनल असंतुलन और अतिरिक्त सीबम उत्पादन को बढ़ावा मिलता हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# दिव्यांग होना कतई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह एक अलग तरह की क्षमता और विशिष्टता है : विश्वनाथ

एजेंसी



साहिबगंज : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रांची के तत्वावधान में और प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' के अवसर पर एक विशेष और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन साहिबगंज स्थित नेत्रहीन एवं स्पैस्टिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय, साहिबगंज में किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने दिव्यांग बच्चों और उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग होना कतई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह एक अलग तरह की क्षमता और विशिष्टता है। श्री भगत ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि दिव्यांग व्यक्ति भी आम नागरिकों की तरह ही पूरी तरह सक्षम हैं। उन्हें स्वयं को किसी से कम नहीं आंकना चाहिए, क्योंकि वे भी समाज के हर दायित्व और जिम्मेदारी को उतनी ही मजबूती और सक्षमता से निभाने में सक्षम हैं, जितने कि कोई सामान्य नागरिक। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वह दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान करें ताकि वे अपनी क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग कर सकें और अपनी प्रतिभा को निखार सकें।दिव्यांग बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल-कूद और अन्य गतिविधियों में अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके प्रदर्शन ने प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत व अन्य द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री संजय कुमार दास, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री अरविंद गोयल, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती पूनम कुमारी व अन्य शामिल थे`

## दिव्यांग बच्चों के बीच आकर प्रेम का अनुभव होता है : अंकित



साहिबगंज :शहर के वन उडेन मूक बधिर विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कौशल्या ज्योति ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के दिव्यांग बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुति के साथ किया गया।जिसके उपरांत मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति पदाधिकारी व मौजूद अन्य अतिथियों को शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया।मौके पर अतिथि के रूप में उपस्थित युवा समाजसेवी अंकित पाण्डेय को भी दिव्यांग बच्चों के प्रति अपार प्रेम और स्नेह व हर पर्व त्यौहार को दिव्यांग बच्चों के बीच आकर मनाने के लिए फादर मैथियस द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।सम्मान पाकर अंकित पाण्डेय ने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों के बीच आकर जो प्रेम का अनुभव होता है। उसे कहीं साधारण रूप में प्राप्त किया नहीं जा सकता,हम सबको मिलकर दिव्यांगजन के सम्मान, सशक्तिकरण और समग्र विकास हेतु हर प्रयास करते रहना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुरेंद्रनाथ तिवारी ने किया।मौके पर अन्य समाजसेवी संस्थाएं हेल्पिंग हैंड्स,अमृता फाउंडेशन के सदस्य के साथ साथ विद्यालय के बच्चों एवं स्टाफ गण मौजूद थे।

## डीडीसी ने चयनित 06 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए



संवाददाता

**साहिबगंज** : श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड, राँची के तत्वावधान में आज सिद्धोझकान्हू सभागार, साहेबगंज में जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, साहेबगंज द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का सफल आयोजन किया गया।रोजगार मेला में कुल 16 प्रतिष्ठित नियोजक उपस्थित हुए। जिनमें से 06 निजी क्षेत्र के नियोजक साहिबगंज जिले से थे। विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 2430 रिक्तियों के लिए नियोजन प्रक्रिया संचालित की गई।मेले में नियोजकों द्वारा 166 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें 256 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इसी क्रम में उद्योग विभाग, जेएसएलपीएस और आरएसइटीएल द्वारा 119 अभ्यर्थियों को रोजगार व स्वरोजगार संबंधी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री सतीश चन्द्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उप विकास आयुक्त द्वारा चयनित 06 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन लगातार रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के प्रति प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारीझसहझजिला कौशल पदाधिकारी श्री मनोज मनजीत द्वारा स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश प्रस्तुत किया गया।रोजगार मेला के सफल संचालन में जय प्रकाश सिन्हा उ० व० लिपिक राजीव रंजन कुमार, सुरज मालपहाड़िया, अमित कुमार गुप्ता, राजेन्द्र कुमार, राजहंस, स्किल सेंटर के प्रशिक्षकगण एवं अन्य कार्यालय कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

### कार्यालय की गलती के कारण 9 सालों से बंद है वेतन

**मेदिनीनगर** : पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने बुधवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जनता दरबार में आये लोगों की समस्याएं सुनी। तरहसी थाना के चैता गांव से आए संतोष कुमार पासवान ने बताया कि उनके पिता के देहांत के पश्चात 2015 में अनुकंपा के आधार पर उनकी नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति के समय उनकी जन्मतिथि 10 अप्रैल 1995 अंकित है जो की सही भी है, लेकिन कार्यालय ने जन्मतिथि 11 फरवरी 1992 कर दिया गया जो कि गलत है। जन्मतिथि में अंतर होने के कारण उनका वेतन अवरुद्ध कर दिया गया है। 2016 से लेकर अबतक वेतन बंद है।
उन्होंने कहा कि वेतन बंद रहने के कारण परिवार का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है। जनता दरबार में विश्रामपुर अंचल से जुड़े लगातार शिकायतों पर उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए अंचल कार्यालय के कार्यों की अलग से समीक्षा करने का निर्णय लिया। 18 नवंबर को विश्रामपुर अंचल से जुड़े वैसे आवेदन जो जनता दरबार मे आये थे का निष्पादन नहीं हो पाया है। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने आवेदन देकर डीसी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। डीसी ने एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी मामलों पर 15 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, दिव्यांग बच्चे समाज के प्रमुख धारा में हैं : पूनम कुमारी

संवाददाता



**साहिबगंज:**विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज स्थानीय वान उड़ेंन मुक बधिर विद्यालय में ट्रस्ट के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जैसे बाल विवाह,नशा मुक्ति,बालिका शिक्षा,बाल श्रम और अन्य सामाजिक कुरीतियों को लेकर नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया।वहीं दूसरी तरफ दिव्यांग बच्चों द्वारा नृत्य के माध्यम से झारखंड के सांस्कृतिक झलक को भी प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी और विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी थे।इन लोगों ने बताया कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है और दिव्यांग बच्चों समाज के प्रमुख धारा में हैं।उनकी सेवा सुरक्षा और शिक्षा हम सब की जिम्मेवारी है।सरकार के द्वारा इनके लिए समय-समय पर विशेष सुविधा और यंत्र भी उपलब्ध कराया जाता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि आज इन दिव्यांग बच्चों के बीच काम करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने का भी काम किया गया।यह लोग इन दिव्यांग बच्चों के शिक्षा,स्वास्थ्य,वस्त्र और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री की व्यवस्था में लगे रहते हैं।

**इन्हें किया गया सम्मानित**

इस अवसर पर आजाद सेवा ट्रस्ट के अंकित कुमार पांडे हेल्पिंग हैंड्स की टीम,उमा अमृता फाउंडेशन,समाजसेवी कंचन कुमारी,मिथिलेश झा,सोमनाथ,मृत्युंजय कुमार,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी जैसे लोगों को सम्मानित करने का काम किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर अंकिता,फादर मेथियस,गुंजा कुमारी,निखिल कुमार,गौरव कुमार,रोहित कुमार,रिमझिम सिंह,लैला हरिन ज्योति कुमारी,रमेश कुमार सहित अभिभावक उपस्थित थे। जबकि दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित कपड़ों और फूलों का लगाया गया स्टॉल पूरे 1 वर्ष तक दिव्यांग बच्चों कपड़े,धागे और ऊन से विभिन्न प्रकार के स्टॉल, मफलर,गुलदस्ता तैयार करते हैं।इसके अलावे इन बच्चों के द्वारा घर में सजावट के लिए तोरणद्वार झालर,सजाने वाले फूलों का गुलदस्ता और विभिन्न प्रकार के समान तैयार किए जाते हैं जिन्हें आज बिक्री के लिए लगाया गया।

## प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई डॉ.राजेंद्र प्रसाद की जयंती

संवाददाता



साहिबगंज/बरहरवाः-प्रखंड कांग्रेस कार्यालय, राजमहल रोड बसीर गैरेज बरहरवा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने की,जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरूआत डॉ.राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने से हुई।कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके आदर्श,सरलता, त्याग एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।अपने संबोधन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि ह्लडॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन हर भारतीय के लिए अनुकरणीय है।उनकी सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और देशहित की भावना आज भी हमें प्रेरित करती है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर संगठन को मजबूत करना है और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहना है।ह्वप्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने कहा कि राष्ट्र सेवक के रूप में डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने जो मूल्य स्थापित किए,उन्हें अपनाकर ही देश और समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है।कार्यक्रम के उपरांत जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने नवझनियुक्त नगर अध्यक्ष एवं नगर वार्ड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।इस दौरान उन्होंने कहा कि ह्लनई जिम्मेदारी आप सभी को निष्ठापूर्वक निभानी है और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभानी है एवं 5 दिनों के अंदर बीएलए 2 फॉर्म भर कर जिला अध्यक्ष को जमा करने का निर्देश दिया।
वरिष्ठ कांग्रेसी कमल आर्य,नगर अध्यक्ष मनोज घोष,नेहाल अख्तर,थॉमस रॉबर्ट,छोटे लाल रामानी,बिष्णु मॉल, गोविंद कुशवाहा,बबलू यादव आफताब आलम,राजू,शरिक रब्बानी,संतोष राम, सत्यम यादव,दीपक कुमार सहित सम्मानित कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## विश्व दिव्यांगता दिवस पर उम्मीद स्कूल में हुआ विशेष कार्यक्रम

संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ सुभाष चौक स्थित गर्ल्स मिडिल स्कूल परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित उम्मीद स्कूल में ‘सक्षम संस्था की ओर से विश्व दिव्यांगता दिवस बड़े ही उत्साह और संवेदनशील माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस उपस्थित हुए।इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और प्रतिभा को रंगों के माध्यम से सुंदर रूप दिया।
सक्षम संस्था की प्रतिनिधि पलक अनुराधा वत्स ने बच्चों को चित्रांकन की बारीकियों के साथ-साथ दिमाग को सक्रिय करने वाले विभिन्न खेलों की जानकारी भी दी, जिससे बच्चे उत्साहित और प्रेरित दिखाई दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इनमें प्रमोद कुमार, मल्लिका दत्ता, मनीषा कौंडल, तीर्थनाथ महतो, विजय लक्ष्मी, धर्मवीर अग्रवाल, राहुल कुमार, प्रियंका कुमारी, सुप्रिया रानी, अभय शर्मा, तौसीफ आलम, फरदीन, अभिराज, आशीष सिंह, रिक्की कुमार, प्रणव, विवेक कुमार, तन्मय मौजूद थे। धनंजय कुमार पुटूस ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं हैं। बस उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद स्कूल की पहल को सराहा और भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# अश्लील नृत्य के आड़ में चल रहा लाखों का जुआ, दबंगों का दबदबा

## शिकायत करने वालों को भी लिया जा रहा टारगेट और पत्रकारों को भी बनाया जा रहा निशाना

संवाददाता

साहिबगंज/उधवाः राधानगर थाना क्षेत्र में पिछले एक महीने से अवैध गतिविधियों का बढ़ता दायरा क्षेत्रवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। विभिन्न क्षेत्रों में अश्लील नृत्य और जुआ का खेल जारी है। वही थाना से महज दो किमी दूर किश्टोपुर नूराई गांव के दक्षिण बहियार इलाके में दो तीन दिनों तक अश्लील नृत्य के सहारे लाखों रुपये का जुआ संचालित किया गया। सूत्रों के अनुसार इन आयोजनों के पीछे दबंग प्रवृति के लोग शामिल हैं, जो अपनी पकड़ और प्रभाव के दम पर खुलेआम कानून को चुनौती दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि आयोजक बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से नर्तकियों को बुलाकर अश्लील कार्यक्रम करवाते हैं और इसी आड़ में बड़े पैमाने पर जुआ चलता है। कुछ वर्ष पूर्व भी इस तरह के आयोजन होने लगे थे।तब साहिबगंज के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ने मामले का संज्ञान लेते हुए राधानगर के तत्कालीन थाना प्रभारी राकेश कुमार को ऐसे अवैध आयोजनों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने का निर्देश दिया था। उस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अश्लील नृत्य और जुआ लगभग पूरी तरह बंद हो गया था। लेकिन वर्ष 2025 में एक बार फिर दबंगों के संरक्षण में ऐसे आयोजनों में भारी वृद्धि देखी जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भय और रोष दोनों बढ़ रहा है।

**खबरें छपने के बावजूद भी नहीं थमी गतिविधियाँ**

कई समाचार पत्रों में लगातार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद भी इन अवैध आयोजनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे आयोजकों के हौसले और भी बुलंद हो गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अगर कोई ग्रामीण प्रशासन को शिकायत करने की कोशिश करता है तो दबंग तत्व उसे डराने-धमकाने लगते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि कई लोगों को चुप रहने की चेतावनी दी गई है। यहाँ तक कि पत्रकारों द्वारा सच उजागर करने पर उन्हें टारगेट बनाकर बदनाम करने की कोशिश की जाती है, ताकि वे खबरें लिखने की हिम्मत न कर सकें। इससे लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता पर सीधा हमला माना जा रहा है।

**डीजे का शोर और भीड़ से ग्रामीण त्रस्त**

रातभर तेज डीजे की आवाज और भीड़भाड़ के कारण स्थानीय लोगों की नींद हराम हो गई है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बुजुर्ग रातभर जागने को मजबूर हैं। अश्लील कार्यक्रमों में दूर-दराज से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है। देर रात तक चलने वाला माहौल क्षेत्र की शांति व्यवस्था को भंग कर रहा है और अपराध बढ़ने की आशंका को भी जन्म दे रहा है।

**जनप्रतिनिधियों ने भी जताई थी नाराजगी**

हालांकि कई जनप्रतिनिधियों ने भी ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने की मांग की थी।लेकिन कार्रवाई का अभाव स्थिति को जस की तस बनाए हुए है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि दबंग प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए और इन अवैध आयोजनों पर तुरंत रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्र में फिर से शांति और सुरक्षा बहाल हो सके।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बच्चों को खसरा व पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है : सिविल सर्जन

साहिबगंज : जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों उप-स्वास्थ्य केंद्रों आंगनवाड़ी केंद्रों जो चिन्हित सामुदायिक स्थलों पर नियमित टीकाकरण शिविरों शुक्रवार से आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य 0 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को समय पर आवश्यक टीके उपलब्ध कराना है।सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित टीकाकरण सत्र में लाकर बीसीजी ओपीभी हेक्सावैलेंट रोटावायरस एम आर, जेई एवं अन्य अनिवार्य टीके समय से लगवाएं।ताकि बच्चों को खसरा पोलियो डिप्थीरिया काली खांसी टेटनस जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। इसकी जानकारी सिविल सर्जन के द्वारा प्रेस विभक्ति जारी कर कहा की कल से निमित्त टीकाकरण होगी।

### एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो के लिए टेस्ट 10 को

**पलामू** : एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो के लिए टेस्ट 10 को मेदिनीनगर। पलामू जिला के जिला योजना शाखा कार्यालय के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो के एक पद पर नियुक्ति के लिए कंप्यूटर स्किल टेस्ट 10 दिसंबर को होगी। एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो के लिए किए गए आवेदन से निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार कुल 48 अभ्यर्थियों को औपबंधिक रूप से योग्य पाया है। औपबंधिक रूप से योग्य अभ्यर्थियों के कंप्यूटर स्किल टेस्ट 10 दिसंबर को ससमय जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। पलामू जिला का अधिकृत वेवसाईट पर भी अपलोड कर दिया गया है।

### प्रमाणपत्र व उपहार देकर प्रशिक्षु शिक्षकों को दी गई विदाई

**पलामू** : प्रमाणपत्र व उपहार देकर प्रशिक्षु शिक्षकों को दी गई विदाई मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के रजवाडीह गांव स्थित मध्य विद्यालय में बीएड प्रशिक्षु शिक्षकों एक माह का इंटर्नशिप पूरा किया। विद्यालय परिवार ने बुधवार को बीएड प्रशिक्षु शिक्षकों को समारोहपूर्वक विदाई दी। प्रशिक्षु शिक्षक हरकेश पासवान, उमा उरांव, आयुष कुमार सिंह, हेमंत कुमार, रितिक राज व रागिनी कुमारी को सर्टिफिकेट व उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका निशा कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर व लैब इंस्टेक्टर अनूप कुमार मिश्रा ने बीएड प्रशिक्षुओं के शिक्षण के प्रति लगन, सीखने की ललक व बच्चों से लगाव को प्रोत्साहित किया व बेहतर शिक्षक बनने की शुभकामनाएं दी। प्रधानाध्यापक ने कहा कि एक शिक्षक में सीखने की भूख कभी खत्म नहीं होनी चाहिए। यह बड़ी पहचान देती है।

### अतुल्य गंगा की दो सदस्यीय टीम पहुंची साहिबगंज



**साहिबगंज** : गंगा नदी के प्रदूषण स्तर की जांच करने अतुल्य भारत की दो सदस्यीय टीम साहिबगंज पहुंची।अतुल्य गंगा टीम के झारखंड प्रभारी सह भूवैज्ञानिक डॉ रणजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने साहिबगंज,मसकलैया,मोकिमपुर व राजमहल में गंगा जल का सैम्पल कलेक्ट किया।इसके पूर्व टीम बिहार के पटना,मुंगेर,भागलपुर व कहलगांव से नमूना लेकर यहां पहुंची थी।अतुल्य गंगा टीम में दिल्ली के टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से पीएचडी शोधार्थी अविनाश कुमार व आनंद सेबेस्टियन शामिल हैं।टीम आज ?राजमहल होते हुए बंगाल में प्रवेश करेगी।डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि टीम ने यहां गंगा में डीओ मीटर के 17 पैरामीटर पर जल में ऑक्सीजन की जांच की।डॉ रणजीत ने बताया कि साहिबगंज में गंगा जल में डीओ 6.78, पीएच 8.10, ईसी 502, टीडीएस 251 पाया गया है।जबकि मोकिमपुर में डीओ 5.97,पीएच 9.01, ईसी 377 व टीडीएस 189,शोभापुर घाट में डीओ 7.63, ईसी 360,टीडीएस 180,पीएच 8.49 एवं राजमहल में डीओ 5.83, ईसी 357,पीएच 8.41 व टीडीएस 179 पाया गया है।डॉ रणजीत ने बताया कि सबका साथ हो गंगा साफ की भावना के साथ गंगा नदी के जल नमूना संग्रहण किया जा रहा है।यह मेजर जनरल वी.के.भुट्ट एवं प्रो कर्नल के. सी.तिवारी के मार्गदर्शन में चल रहा है।जल नमूना संग्रहण निरंतर जारी है। अंतिम चरण में गंगासागर तक पहुँचकर संपूर्ण जल गुणवत्ता परीक्षण को पूरा किया जाएगा।इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रयास का उद्देश्य गंगा एवं यमुना नदियों की वर्तमान जल गुणवत्ता का समग्र मूल्यांकन करना तथा इसके आधार पर उपग्रह-आधारित जल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली का विकास करना है।जिससे भविष्य में नदी संरक्षण और जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### डीसी ने किया लाइब्रेरी और भवनों का निरीक्षण



**बोकारो** : उपायुक्त अजय नाथ झा ने चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइब्रेरी, रविंद्र भवन एवं महिला प्रशिक्षण भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि जिले के सभी पंचायतों में मॉडल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइब्रेरी को पूरी तरह व्यवस्थित कर आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा।उपायुक्त ने कहा कि जिले में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके पूरा होते ही सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत कुछ शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे शिक्षकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने लाइब्रेरी के विस्तार की संभावनाओं को लेकर रविंद्र भवन एवं महिला प्रशिक्षण भवन का भी जायजा लिया, ताकि विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप अध्ययन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी में संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद अध्ययन व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने बीडीओ को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ अजय वर्मा, सीओ रवि आनंद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली क्राइम 3 की सफलता का लुत्फ उठा रही शेफाली शाह



एक्ट्रेस शेफाली शाह हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज दिल्ली क्राइम सीजन 3 की सफलता का आनंद उठा रही हैं। दर्शक उनकी दमदार अदाकारी की सराहना कर रहे हैं। इस कड़ी में शेफाली ने दर्शकों का आभार जताया। शेफाली शाह ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे अपने करियर में ऐसे रोल मिले, जिन्होंने न सिर्फ मुझे चुनौती दी, बल्कि दिल की गहराइयों को भी छुआ। दिल्ली क्राइम का गंभीर किरदार, डार्लिंग्स में निभाया गया जटिल रोल और करियर की शुरुआती फिल्म सत्या के अनुभव... इन सभी ने मेरे अभिनय को नई दिशा दी। इन भूमिकाओं को दर्शकों से जितना प्यार मिला, वह मेरी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है। हर किरदार ने मुझे एक अलग तरह से बदला, एक कलाकार के रूप में संवारा और यह सफर मेरे लिए बेहद सीखने का अवसर रहा। उन्होंने कहा, जब मैं अपने सफर के बारे में बात करती हूं, तो मुझे हमेशा याद आता है कि मैंने स्टोरीटेलिंग से प्यार क्यों किया था। मेरे लिए अभिनय सिर्फ काम नहीं, बल्कि एक एहसास है, जो लगातार सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जब दर्शक मेरे अभिनय को समझते हैं, महसूस करते हैं और उसकी सराहना करते हैं, तो यह एक कलाकार के तौर पर बहुत भावुक और संतोष देने वाला अनुभव होता है। बता दें कि आईएफपी महोत्सव में हर साल बॉलीवुड के जाने-माने कलाकार, निर्देशक और उद्योग विशेषज्ञ वक्ता, मेंटर्स और जजों के रूप में शामिल होते हैं। यह नए और स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं, लेखकों और कंटेंट क्रिएटर्स को अपना काम दिखाने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करता है। यहां से कई उभरते हुए टैलेंट को बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफार्मों में काम करने का मौका मिलता है। शेफाली ने कहा कि आईएफपी ने ऐसा माहौल बनाया है जहां कलाकार और दर्शक एक-दूसरे से ईमानदारी के साथ जुड़ते हैं। यह मंच क्रिएटर्स को न सिर्फ अपनी कला दिखाने का अवसर देता है, बल्कि विचारों का ऐसा खुला आदान-प्रदान करवाता है जो उन्हें और भी बेहतर बनाने में मदद करता है।



## रुक्मिणी वसंत का सीक्रेट माइंड मैजिक जो उन्हें जमीन पर टिकाए रखता है!

तेज़ रफ्तार शेड्यूल, लगातार सफ़र और हर दिन नई-नई चुनौतियाँ — एक उभरती अभिनेत्री की ज़िंदगी बाहर से जितनी ग्लैमरस दिखती है, अंदर उतनी ही तूफ़ानी हो सकती है। लेकिन रुक्मिणी वसंत ने इस तूफ़ान के बीच अपनी शांति ढूंढ़ ली है — एक बेहद सरल, बेहद निजी और चौंकाने वाला रिचुअल - जर्नलिंग। हाँ, डायरी में लिखना — वही पुरानी आदत, जिसे हममें से कई लोग छोड़ चुके हैं — यही रुक्मिणी की सबसे बड़ी सुपरपावर है। चाहे दिन कितना भी भागमभाग वाला हो, चाहे सेट पर कितने भी सीन हों, चाहे सफ़र कितना भी लंबा हो, रुक्मिणी रात को अपनी डायरी के पन्नों से ज़रूर मिलती हैं। यह उनका तरीका है खुद से दोबारा जुड़ने का, मन के शोर को शांत करने का और ज़िंदगी को एक साफ़ नज़र से देखने का। वह इस रिचुअल पर खुलकर कहती हैं, जर्नलिंग वही जगह है जहाँ मैं रुककर खुद को देख पाती हूँ। मैं अपनी पुरानी डायरीज़ खूब पढ़ती हूँ — वो नज़रिया देती हैं। बिर्बल से पहले की मेरी चिंता, ड्रामा स्कूल के दिनों की उलझनेंज आज से इतनी अलग, पर उतनी ही सच्ची। इससे समझ आता है कि जो आज बड़ा तूफ़ान लग रहा है, कुछ साल बाद वही हल्की सी हवा जैसा।



## कीर्ति सुरेश ने सुनाई व्यथा
### कहा- लाइटमैन 2-3 घंटे सोते हैं

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। दसारा और बेबी जॉन की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है। हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म रिवॉल्वर रीटा के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7.30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6.30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5.30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6.30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है।

कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, अब, मुझे रात 11.30 बजे सोने के बाद सुबह 5-30 बजे फिर उठना पड़ता है। कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं। यह एक आइडियल 9 बजे से 6 बजे तक की शिफ्ट में है।

कीर्ति सुरेश बोलीं- लाइटमैन तो 2-3 घंटे ही सो पाते हैं

साल 2018 में महानति के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार पा चुकीं कीर्ति ने बताया कि हिंदी और मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर 12 घंटे की शिफ्ट होती है। उन्होंने सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म के क्रू मेंबर्स खासकर लाइटमैन की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, केरल में लाइटमैन 2-3 घंटे सोते हैं। हालांकि, नींद भी खाने या एक्सरसाइज जितनी ही जरूरी है। ये वो साथी हैं, जो सेट पर एक्टर्स से भी पहले पहुंचते हैं।



## विजय सेतुपति और निर्देशक पुरी जगन्नाथ की पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

**साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। आज फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं।**

विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं और दोनों से फिल्म को लेकर बातें कर रही हैं। चार्मी, विजय और पुरी का यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। पुरी और विजय ने फिल्म की शूटिंग के आखिरी दिन को लेकर कहा कि वे पहले से ही एक-दूसरे को मिस कर रहे हैं।

फिल्म निर्माताओं का पोस्ट पुरी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस वीडियो को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, Puri Sethupathi की फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। सेट पर कई महीनों की भावनात्मक और आनंदमय यात्रा के बाद, टीम ने फिल्म की पूरी शूटिंग खत्म कर ली है। जल्द ही कुछ रोमांचक अपडेट के लिए तैयार हो जाइए। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

### विजय और पुरी की आने वाली फिल्म के बारे में

विजय सेतुपति की इस आगामी फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में अभिनेत्री संयुक्ता नजर आएंगी। इस फिल्म का टाइटल 23 सितंबर, 2025 को रिलीज होना था, लेकिन कुछ वजहों से इसमें देरी हो गई। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इस फिल्म में विजय और संयुक्ता के अलावा तब्बू भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। वहीं ब्रह्माजी सहायक भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की घोषणा 2025 में की गई थी और इसकी शूटिंग जून 2025 में शुरू हुई थी। इस फिल्म का निर्माण पुरी कनेक्ट्स और जेबी मोशन पिक्चर्स ने मिलकर किया है। इस फिल्म का संगीत हर्षवर्धन रामेश्वर ने तैयार किया है।

# दूसरे एशेज टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया का बड़ा फैसला, नाथन लायन बाहर, नेसर और इंग्लिस को मौका

**ब्रिस्बेन :** डे-नाइट एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन मैच शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया ने चौंकाने वाला निर्णय लेते हुए अनुभवी स्पिनर नाथन लायन को टीम से बाहर कर दिया। ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेले जा रहे दूसरे एशेज टेस्ट में घरेलू दर्शकों के सामने माइकल नेसर की वापसी हुई है, जबकि इंजर्ड उस्मान ख्वाजा की जगह जोश इंग्लिस को शामिल किया गया है। इंग्लिस पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट खेलेंगे और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नंबर 7 पर उतारा जाएगा। ट्रैविस हेड पर्थ टेस्ट की तरह इस मैच में भी ओपनिंग करेंगे। हेड ने मैच से पहले कहा, ह्लगता है कि मैं ही पारी की शुरूआत करूंगा, मैंने उसी हिसाब से तैयारी की है। यह इंग्लिस का चौथा टेस्ट और पहला एशेज मुकाबला होगा, जबकि नेसर तीन साल बाद बैगी ग्रीन पहनते नजर आएंगे। खास बात यह है कि नेसर के अब तक तीनों टेस्ट मैच डे-नाइट



रहे हैं और वे पिंक-बॉल स्पेशलिस्ट माने जाते हैं। कप्तान पैट कमिंस की वापसी की उम्मीद थी, लेकिन उनकी पीठ की चोट पूरी तरह ठीक न होने के कारण उन्हें अभी भी आराम दिया गया है। इससे स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालते रहेंगे। 38 वर्षीय नाथन लायन को लगातार दूसरे पिंक-बॉल टेस्ट से बाहर किया गया है। सीजन की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया ने कहा था कि वे लायन को फिर से बाहर करने की संभावना कम रखते हैं, लेकिन पर्थ में उन्होंने सिर्फ दो ओवर फेंके और टीम मैनेजमेंट ने पिंक-बॉल कंडीशंस को देखते हुए नेसर पर भरोसा जताया। नेसर की मौजूदगी ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम की बल्लेबाजी को भी मजबूत करती है, क्योंकि उनके पास फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में पांच शतक हैं और लगभग 30 का औसत है। इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग कपहले ही घोषित कर दी थी। पर्थ में आठ विकेट से हार के बाद उन्होंने एक बदलाव किया है—मार्क वुड की जगह ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर विल जैक्स को शामिल किया गया है ताकि बल्लेबाजी में गहराई लाई जा सके।

**—ऑस्ट्रेलिया क:**

जेक वेदराल्ड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, माइकल नेसर, मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड, ब्रेंडन डॉगेट

**इंग्लैंड क:**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

## अर्जुन एरिगेसी ने विश्वनाथन आनंद को हराकर जीता यरूशलम मास्टर्स 2025 खिताब

**एजेंसी**

नई दिल्ली : भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने बुधवार को पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को फाइनल में हराते हुए यरूशलम मास्टर्स 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। रैपिड चरण के शुरूआती दो गेम ड्रॉ रहने के बाद एरिगेसी ने पहले ब्लिट्ज गेम में सफेद मोहरों से निर्णायक जीत दर्ज की। दूसरे ब्लिट्ज गेम में भी वे बेहतर स्थिति में थे, लेकिन सुरक्षित ड्रॉ स्वीकार कर खिताब अपने नाम किया। 22 वर्षीय एरिगेसी को इस खिताबी जीत के साथ 55,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। फाइनल में पहुंचने के लिए एरिगेसी ने सेमीफाइनल में रूस के पीटर



स्विडलर को हराया था, जबकि आनंद ने दूसरे सेमीफाइनल में इयान नेपोमनियाची पर जीत दर्ज की थी। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने अपने-अपने सेमीफाइनल की दूसरी रैपिड गेम में जीत दर्ज की थी। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में स्विडलर ने अपने हमवतन नेपोमनियाची को 2.5-1.5 से हराया। निर्णायक बढ़त उन्हें दूसरे ब्लिट्ज गेम में मिली।

प्रारंभिक राउंड-रॉबिन चरण में स्विडलर ने 8/11 स्कोर के साथ टॉप किया, जबकि नेपोमनियाची, आनंद और एरिगेसी ने 7.5/11 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान साझा किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज कूनो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में 3 चीतों को करेंगे रिलीज

– मादा चीता वीरा और उसके 2 शावकों को बड़े बाड़े से किया जाएगा रिलीज

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस के अवसर पर श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन चीतों को बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ेंगे। इनमें मादा चीता 'वीरा' और उसके 10 माह के दो शावक शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वर्ष 2026 का कैलेण्डर तथा 'फील्ड मैन्युअल फॉर क्लीनिकल मैनेजमेंट ऑफ फ्री-रेंजिंग चीताज इन कूनो नेशनल पार्क' का विमोचन करेंगे। मुख्यमंत्री कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नव-निर्मित सोवेनियर शॉप का लोकार्पण भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 2.15 बजे ग्राम अहेरा जिला शिवपुरी पहुंचेंगे। यहाँ से सड़क मार्ग द्वारा कूनो जाएंगे। कूनों में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अहेरा हैलीपेड से हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर सायंकाल 5.05 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल ग्वालियर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां से थोड़ी देर बाद विमान द्वारा खजुराहो के लिये प्रस्थान करेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर तीन वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश को चीता परियोजना की सौगात मिली थी। प्रधानमंत्री मोदी ने 17 सितम्बर, 2022 को अपने जन्म-दिवस के अवसर पर दक्षिण अफ्रीकी देश नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो पालपुर में छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। नामीबिया के बाद दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बसाए गए थे। इस प्रकार कुल 20 चीतों को कूनो लाया गया था। वर्तमान में कूनो पालपुर और गाँधी सागर अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। इनमें 30 चीते कुनों और दो चीते गांधी सागर अभयारण्य में है। जनसम्पर्क अधिकारी केके जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में प्रोजेक्ट चीता को ₹इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया है। चीतों ने भारतीय वातावरण को आश्चर्यजनक रूप से पूरी तरह अपना लिया है। पिछले तीन वर्षों में 5 मादा चीता द्वारा 6 बार शावकों को जन्म दिया गया। यहां चीते न केवल जीवित रहे, बल्कि चीतों ने सफलतापूर्वक अपना परिवार भी बढ़ाया है। लायन प्रोजेक्ट के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने बताया कि चीता परिवार की सुरक्षा और प्राकृतिक परिवेश में सफल अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिये उन्नत रेडियो-ट्रेकिंग प्रणाली और समर्पित फील्ड टीमों के माध्यम से सतत निगरानी की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कूनो राष्ट्रीय उद्यान के परोंड वन क्षेत्र में आयोजित होगा, जो निर्धारित पर्यटन जोन है। इस क्षेत्र में चीता परिवार की मौजूदगी से ईको पर्यटन के नये अवसरों के साथ ही प्रोजेक्ट चीता के प्रति जन-सहभागिता और रुचि में और अधिक वृद्धि होने की अपेक्षा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस का मुख्य उद्देश्य चीतों की घटती आबादी, उनके आवास के नुकसान और शिकार जैसी समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके संरक्षण के लिये वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना है।

# बुंदेलखंड की महिलाओं ने अनूठे स्टार्टअप्स से बनाई पहचान

एजेंसी

**झांसी :** योगी सरकार के स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने की पॉलिसी से बुंदेलखंड की महिलाओं ने सफलता की नई कहानियां लिखने का काम किया है। झांसी की कई महिलाओं के स्टार्टअप्स इस समय देश और प्रदेश में चर्चा का विषय हैं। इनमें से एक है शिवानी के बेर से बने प्रोडक्ट और दूसरा है नीलम की कबाड़ से बनी कलाकृतियां। इन दोनों को ही सरकार की ओर से सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान किया गया है।

### शिवानी ने बेर से बनाए अनूठे प्रोडक्ट

झांसी जिले की रहने वाली शिवानी बुंदेला ने फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए बेर के ऐसे-ऐसे प्रोडक्ट बनाए हैं, जो किसी का भी ध्यान अपनी ओर खींच लेते हैं। बेर से जूस, जैम, चॉकलेट और



टॉफी बना चुकी शिवानी अभी हाल के दिनों में एक नया प्रोडक्ट सामने लाई हैं, जो है बेर से बना स्नैक्स। शिवानी के स्टार्टअप को आगे बढ़ाने में झांसी स्मार्ट सिटी, उद्यान विभाग और एमएसएमई ने काफी मदद प्रदान की। जी- 20 के आयोजन में शिवानी के स्टार्टअप को गिफ्टिंग पार्टनर बनाया गया था और काफी सराहना मिली थी। शिवानी ने अपने ब्रांड को अब्रोसा नाम दिया है। शिवानी लगभग 250 किसानों से बेर खरीद रही हैं जबकि उनके स्टार्टअप के माध्यम से 20 से अधिक महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीनों संस्करणों में शिवानी हिस्सेदारी निभा चुकी हैं। अभी कुछ समय पहले शिवानी को यूनाइटेड नेशन्स एनवायरनमेंट प्रोग्राम के तहत एग्रो फॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी मिली है।

### बेकार को आकार से नीलम ने बनाई पहचान

बेकार सामानों से कलाकृतियां तैयार करने वाली झांसी की नीलम सारंगी के स्टार्टअप बेकार के आकार को उत्तर प्रदेश सरकार ने सम्मानित करने के साथ ही प्रोत्साहित भी किया है। झांसी नगर निगम के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निष्प्रयोज्य सामानों से पार्कों में सुंदर कलाकृतियां तैयार करने का काम किया। योगी सरकार ने नीलम सारंगी को अनूठे स्टार्टअप के लिए नवदेवी सम्मान प्रदान किया है। नीलम का स्टार्टअप इस समय बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेंटर में पंजीकृत है।

## रुपए की गिरावट पर खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा, सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉलर के मुकाबले रुपए की लगातार गिरती कीमत को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रुपए की गिरावट साफ दिखाती है कि अगर सरकार की नीतियां सही होतीं तो मुद्रा इस तरह कमजोर न होती। सरकार को इसका जवाब देना होगा।
संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में खरगे ने कहा कि रुपए की कीमत घट रही है, इसका मतलब है कि इस देश की आर्थिक परिस्थिति ठीक नहीं है। जब रुपए की कीमत गिरती है, उसी समय पता चलता है कि देश की आर्थिक स्थिति क्या है।
इसके बाद खरगे ने एक्स पर लिखा कि अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रुपया नहीं गिरता। सरकार को इसका जवाब देना पड़ेगा।
उल्लेखनीय है कि रुपया गुरुवार को शुरूआती कारोबार में 28 पैसे गिरकर अब तक के सर्वकालिक निचले स्तर 90.43 पर पहुंच गया।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, राष्ट्रपति ने केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित लोक भवन पहुंचकर आर वेंकटरमन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। देश के आठवें राष्ट्रपति (1987-1992) आर वेंकटरमन 4 दिसंबर 1910 को तमिलनाडु के राजमदम में जन्मे थे। वह वकील, स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस के नेता थे। भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के लिए दो वर्ष जेल गए। स्वतंत्रता के बाद चार बार लोकसभा के सदस्य रहे, रक्षा एवं वित्त मंत्री रहे। 27 जनवरी 2009 को उनका निधन हो गया।

## छत्तीसगढ़ : दुर्ग पुलिस ने 27 म्युल अकाउंट से सायबर फ्रॉड करने वाले आठ आरोपितों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**दुर्ग/रायपुर :** छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने सायबर फ्रॉड के मामले में आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है । इन सभी आरोपितों ने सुपेला के बंधन बैंक के ब्रांच में खाता खोलकर अपने अकाउंट को म्युल अकाउंट बनाकर किराए पर दे दिया था। सभी दुर्ग जिले के भिलाई के खुशीपार, सुपेला, सेक्टर 4 और दुर्ग के निवासी है। सुपेला थाना और एसीसी यूनिट की संयुक्त कार्रवाई में बंधन बैंक के नेहरू नगर शाखा के 27 खातों के जारी एक करोड़ 20 लाख 579 के अवैध लेनदेन का खुलासा किया है। भिलाई नगर के सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने आज जानकारी दी है कि यह गिरफ्तारी बुधवार को की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक माह पहले भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से म्युल अकाउंट होने का



अलर्ट आया, जिसमें सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त की गई राशि को इन खातों में जमा कराया गया था। अलर्ट आने पर दुर्ग पुलिस ने साइबर फ्रॉड से संबंधित सभी खातों को होल्ड पर रखवाकर खाता धारकों के खिलाफ मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार किया है। 27 म्युल अकाउंट धारकों में सुपेला के रावणभाटा निवासी रनजीत महानंद, खुशीपार निवासी प्रमिला जंघेल, सेक्टर 32 निवासी के आकाश राव, रिसाली सेक्टर निवासी विपिन कुमार सिरसाम, सेक्टर 5 निवासी मानवी बेरी, जुनवानी निवासी आशीष गुप्ता, पिंकी कुर्रे कोहका, सुपेला निवासी रमाकान्त बंसोड़ को गिरफ्तार किया गया है।

## छत्तीसगढ़ में लोहा और जमीन कारोबारियों के यहां आयकर विभाग की छापेमारी



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में गुरुवार सुबह कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग की अलग-अलग टीमों ने लोहा और जमीन कारोबारियों से जुड़े कुल 24 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई सिलतरा और उरला स्थित फैक्ट्रियों में चल रही है। छापेमारी में आईटी की टीम के साथ 100 से अधिक सीआरपीएफ जवान भी मौजूद हैं। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार है कि सिलतरा स्थित इस्पात इंडिया के संचालक आनंदम निवासी विनोद सिंगला के प्रतिष्ठानों पर जांच जारी है। वे एमएस पाइप निमार्ता भी हैं। इसके अलावा अरविंद अग्रवाल सिग्नेचर होम्स, मैग्नेटो मॉल के पीछे आनंदम निवासी रवि बजाज के घर के साथ ओम स्पंज के ठिकानों पर भी रेड की खबर है। आयकर की टीमें वित्तीय लेन-देन, स्टॉक और बही-खातों से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही हैं।

# भारत और कनाडा ने व्यापार समझौते पर बातचीत की रूपरेखा पर चर्चा की

- ✔ गोयल नए साल में कनाडा में हाई-लेवल ट्रेड, इन्वेस्टमेंट डेलीगेशन को लीड करेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने बुधवार को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए रूपरेखा, उद्देश्यों और तौर-तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्ष हाल ही में इस समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। केंद्रीय वाणिज?य एवं उद्योग मंत्री ने ह्यएक?सह्ल पोस?ट पर जारी बयान में बताया कि कनाडा के



साथ व्यापार और वाणिज्यिक जुड़ाव को आगे बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ एक अच्छी बातचीत हुई। गोयल ने आगे लिखा है कि हमने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) बातचीत शुरू करने की तैयारी के हिस्से के तौर पर समग्र दृष्टिकोण, रूपरेखा, मैक्रो उद्देश्य और तौर-तरीके पर शुरूआती स्कोपिंग और बड़ी बातचीत की है। गोयल ने बताया कि दोनों देश नए साल में कनाडा में एक उच्च-स्तरीय व्यापार और निवेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने पर भी सहमत हुए हैं। गौरतलब है कि साल 2023 में कनाडा ने भारत के साथ समझौते के लिए बातचीत रोक दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का संभावित लिंक होने के आरोपों के बाद दोनों देश के द्विपक्षीय संबंध बहुत खराब हो गए थे।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टीसीएस, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और



जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 1.32 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, मैक्स हेल्थकेयर, इंटर ग्लोब एविएशन, टाइटन कंपनी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) के शेयर 1.20 प्रतिशत से लेकर 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,135 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,045 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,090 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 119.25 अंक टूट कर 84,987.56 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक ने रिकवरी करके थोड़ी देर में ही हरे निशान में अपनी जगह बना ली। हालांकि बीच-बीच में मामूली मुनाफा वसूली भी होती रही, इसके बावजूद ये सूचकांक हरे निशान में ही बना रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 165.25 अंक की बढ़त के साथ 85,272.06 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 4.15 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 25,981.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के झटके से ये सूचकांक गिर कर 25,938.95 अंक तक आ गया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लिवाली के सपोर्ट से कुछ देर में ही ये सूचकांक अपनी कमजोरी को दूर करते हुए हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 43.05 अंक की मजबूती के साथ 26,029.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 31.46 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 85,106.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 46.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,986 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### लैंड फॉर जॉब मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश फिर टला

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज एफआईआर के मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फिर फैसला टाल दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने 8 दिसंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। इसके पहले 10 नवंबर को भी कोर्ट फैसला टाल चुका है। कोर्ट ने सीबीआई के मामले में आरोप तय करने पर 25 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को सुनवाई के दौरान लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पेश नहीं हुए। तीनों की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने तीनों की आज कोर्ट में पेशी से छूट की मांग की जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। लालू यादव ने इस मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज एफआईआर को निरस्त करने और ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक की मांग के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उच्च न्यायालय याचिका पर 25 सितंबर को सुनवाई करने वाला है। लालू यादव की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए जरुरी अनुमति नहीं ली गई। ऐसे में पूरी जांच गैरकानूनी है। बिना जरुरी अनुमति के जांच शुरू नहीं की जा सकती है। सिब्बल ने कहा कि इस मामले में पूरी कार्यवाही ही गलत है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील ने कहा कि लालू यादव की ओर से जानबूझकर ट्रायल कोर्ट में आरोप तय करने पर दलीलें नहीं रख रहे हैं। इस मामले में ट्रायल कोर्ट में 9 सितंबर को दलीलें खत्म हो जाएंगी। तब कोर्ट ने कहा कि जरुरी अनुमति की बात केवल भ्रष्टाचार निरोधक कानून के मामलों में होगी न कि भारतीय दंड संहिता से जुड़े मामलों में। उच्चतम न्यायालय ने 18 जुलाई को ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। 7 अक्टूबर, 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ट्रायल कोर्ट ने 25 फरवरी को सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। सीबीआई ने 7 जून, 2024 को इस मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल किया था जिसमें 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इन 78 आरोपितों में से रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी शामिल हैं।

### उच्च प्राथमिक नियुक्ति में सुपर न्यूमेरेरी पद रद्द, हाई कोर्ट के फैसले से ममता सरकार को झटका

**कोलकाता :** प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति मामले में मिली राहत के सिर्फ एक दिन बाद ही बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उच्च प्राथमिक नियुक्ति में बनाए गए सुपर न्यूमेरेरी यानी अतिरिक्त शून्य पदों को पूरी तरह रद्द कर दिया है। गुरुवार को न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की एकल पीठ ने यह आदेश सुनाया। अदालत ने कहा कि नियमित नियुक्ति प्रक्रिया की तरह सुपर न्यूमेरेरी पद नहीं बनाए जा सकते। ऐसे पद केवल विशेष परिस्थिति में ही बनाए जाते हैं। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि ह्लराजनीतिक नैतिकता के सामने संवैधानिक नैतिकता कभी कमजोर नहीं होती। राज्य सरकार ने उच्च प्राथमिक स्तर पर कार्य शिक्षा और शारीरिक शिक्षा विषयों में प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति करने के लिए कुल 1600 अतिरिक्त पद बनाने का निर्णय लिया था। इनमें 750 पद कार्य शिक्षा और 850 पद शारीरिक शिक्षा के लिए रखे गए थे। इस संबंध में मई 2022 और 14 अक्टूबर, 2022 को दो सरकारी विज्ञप्तियां जारी की गई थीं। गुरुवार को अदालत ने दोनों ही विज्ञप्तियों को रद्द कर दिया। न्यायालय ने कहा कि पैनल की वैधता समाप्त होने के बाद अतिरिक्त पद बनाना नियमों के खिलाफ है और समाप्त हो चुकी प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति देना बिल्कुल संभव नहीं है। उच्च प्राथमिक नियुक्ति से जुड़े अन्य मुद्दों पर सुनवाई अब जनवरी में होगी। राज्य के लिए यह फैसला इसलिए बड़ा झटका है क्योंकि सिर्फ 24 घंटे पहले ही हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति को बरकरार रखते हुए सरकार को राहत दी थी।

### अरुणाचलम के दर्शन के लिए तिरुवन्नमलाई में आज भी लगा रहा भक्तों का तांता

**तिरुवण्णमलै :** तमिलनाडु के प्रसिद्ध तिरुवण्णमलै में इस वर्ष भी कार्तिक दीपोत्सव के दौरान भारी संख्या में शिव भक्तों की उपस्थिति दर्ज की गई। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश सहित दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु अरुणाचलम के दर्शन के लिए पहुंचे। पिछले एक वर्ष से इस पवित्र स्थल पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, विशेष रूप से पूर्णिमा के दिनों में यहां भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ता है। बुधवार की शाम कार्तिक दीपोत्सव के सबसे महत्वपूर्ण चरण के तहत अन्नामलाई पहाड़ी पर महा दीप प्रज्वलित किया गया। इस दिव्य प्रकाश के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पहाड़ी पर जलाया गया यह अग्नि स्तंभ भगवान शिव की अनंत ज्योति और आशीर्वाद का प्रतीक माना जाता है। महा दीप प्रज्वलन के समय मंदिर परिसर और पहाड़ी क्षेत्र श्रद्धालुओं के जयकारों और धार्मिक उत्साह से गूंज उठा। भक्तों ने पूरी रात से लेकर आज सुबह तक महा दीप के दर्शन और पूजा-अर्चना की। तिरुवण्णमलै का वातावरण गुरुवार सुबह और अधिक शांत तथा आध्यात्मिक दिखाई दिया। अरुणाचलेश्वर मंदिर क्षेत्र में भीड़ अब कम हो चुकी है, जबकि कुछ भक्त अब भी गिरी प्रदक्षिणा करते नजर आए। अधिकतर तीर्थयात्री महोत्सव में शामिल होने के बाद अपने-अपने राज्यों और जिलों को लौटने लगे हैं। कार्तिक दीपोत्सव के इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन ने एक बार फिर तिरुवण्णमलै को भक्ति और आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

### फिच ने भारत की जीडीपी वृ?द्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.4 फीसदी किया

**नई दिल्ली :** वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया है। एजेंसी ने इसके पीछे उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी और जीएसटी सुधारों से बेहतर आर्थिक माहौल को प्रमुख कारण बताया है। फिच रेटिंग्स ने गुरुवार को दिसंबर के लिए जारी अपनी ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 6.9 फीसदी आर्थिक वृद्धि दर रहने का अनुमान जताया था। एजेंसी का कहना है कि उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी, व्यावसायिक माहौल में सुधार और वस?तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों से बढ़ी अर्थव्यवस्था की रफ्तार इस तेज वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। फिच ने जारी बयान में दिसंबर के लिए अपनी ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा, ₹चालू वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च के आखिर तक) के बचे हुए समय में ग्रोथ कम होगी, लेकिन हमने अपने पूरे साल के ग्रोथ के अनुमान को सितंबर के 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया है।₹

रेटिंग एजेंसी का यह अनुमान सरकारी डेटा के बाद आया है, जिसमें दिखाया गया है कि चालू वित?त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ छह तिमाहियों के सबसे ऊंचे लेवल 8.2 फीसदी पर पहुंच गई। फिच ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी की ग्रोथ और बढ़कर 8.2 फीसदी हो गई, जो अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 फीसदी थी।

न्यूज IN ब्रीफ

## बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनमानस में हैं लोकप्रिय



**बिनय मिश्रा :** बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार एक कुशल राजनीतिक के साथ-साथ अपने योग्यता और करमादिता के बलबूते हमेशा अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बनाने के साथ-साथ आम जनमानस के बीच काफी लोकप्रिय रहे हैं, ऐसे जनप्रतिनिधि पर निश्चित तौर पर गर्व और गौरव दोनों होता है बिहार के राजनीति के सशक्त स्तंभकार के रूप में डॉक्टर प्रेम कुमार की पहचान भी है।

## समाज को सही दिशा दिखाता है सत्संग : रविन्द्र नाथ सिंह



**रांची :** सत्संग हमें सही दिशा दिखाता है। धर्म व समाज का मूल बोध कराता है। उक्त बातें एचईसी परिसर (धुर्वा) स्थित सेक्टर तीन में आवास संख्या बी-277 निवासी आध्यात्मिक विषयों के ज्ञाता रविन्द्र नाथ सिंह ने अपने प्रवचन में कही। उन्होंने कहा कि सत्संग का सही अर्थ अच्छे व गुणवान मित्रों, विद्वानों की संगति में बैठना, उनसे संवाद करना और उनके प्रवचन सुनना है। श्री सिंह ने कहा कि संगति का असर व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है। व्यक्ति का समाज में क्या स्वरूप है? यह संगति से ही पता चलता है। ऋषि-मुनियों ने भी सत्संगति पर बल दिया है। बिना सत्संगति के समाज अनुशासित नहीं रह सकता है और न चरित्रवान पीढ़ी का निर्माण हो सकता है। यह सर्वविदित है कि रावण विद्वान और अजेय होते हुए भी इसलिए बर्बाद हो गया कि उसकी बुद्धि और संगति खराब हो गई थी। कुसंगति के कारण ही कौरवों का नाश हुआ। वहीं, दूसरी तरफ सत्संग के कारण पांडवों को प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि ₹बिनु सत्संग विवेक न होई₹। सत्संग के बिना बुद्धि-विवेक बढ़िया नहीं हो सकता है।

सत्संग के संबंध में रहीम कवि ने भी कहा है कि कहू रहीम कैसे निभाए, बेर केर के संग₹ केला और बेर एक साथ रहेगा तो नष्ट होगा ही। कुसंगति का यही प्रभाव है। कुसंगति से बचने के लिए साधु-संतों और महापुरुषों ने सत्संग की महिमा का बखान किया है।

श्री सिंह ने कहा कि कुसंग हमें सामाजिक पतन की ओर ले जाने वाली सीढ़ी है। वहीं, सत्संग आत्मिक, सामाजिक विकास के शिखर पर ले जाने में सहायक होता है। इसलिए हमें सत्संग से सत्संगति को प्राप्त करने की दिशा में सतत प्रयासरत रहना चाहिए। सत्संग से सुख,शांति व समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिए धार्मिक समागम में संतों के प्रवचन सुनें। धार्मिक व आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लें।

## अन्नपूर्णा जयंती पर विशेष
## अन्न की महत्ता की याद दिलाती है अन्नपूर्णा जयंती



**पूनम सिंह :** अन्नपूर्णा जयंती हिंदुओं का एक एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह माता अन्नपूर्णा के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह त्योहार मार्गशीर्ष (पौष) महीने की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है, जो इस साल 4 दिसंबर (गुरुवार) को है। अन्नपूर्णा जयंती का महत्व अन्न और समृद्धि की देवी माता अन्नपूर्णा की पूजा में है। यह त्योहार हमें जीवन में अन्न के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में याद दिलाता है। माता अन्नपूर्णा को साक्षात देवी पार्वती का अवतार माना जाता है, जिन्होंने पृथ्वी पर अन्न के संकट को दूर करने के लिए यह रूप धारण किया था।

पूजा विधि : अन्नपूर्णा जयंती के दिन सुबह जल्दी उठकर घर की सफाई करें और रसोई को सजाएं। माता अन्नपूर्णा की प्रतिमा स्थापित करें और उन्हें विशेष भोग अर्पित करें। इस दिन गरीब और जरूरतमंदों को अन्न दान करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है।

**भोग अर्पित करें :** माता अन्नपूर्णा को खीर, पुआ, और बेसन के लड्डू बहुत प्रिय हैं। मान्यता है कि इन भोगों को अर्पित करने से माता की कृपा प्राप्त होती है और घर में अन्न और धन की कमी नहीं रहती। अन्नपूर्णा जयंती हमें माता अन्नपूर्णा की कृपा और अन्न के महत्व और इसके संरक्षण के बारे में याद दिलाती है।

## साकची में खुदीराम बोस की 136वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर :** झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति द्वारा वीर शहीद अग्निबालक खुदीराम बोस की 136वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में साकची में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर समिति के सभापति विकाश यादव मुखर्जी सहित कई वक्ताओं ने खुदीराम बोस के जीवन, उनके साहस और देश के लिए दिए गए बलिदान पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से विकाश मुखर्जी, नेपाल दास, संदीप सिन्हा चौधरी, दिलीप महतो, वनश्री, सोमा, दीपिका, पम्पा, गोविन्द, समसुभ्रा, मिहिर, अरुण, रफीकुल इस्लाम, बाबूलाल, प्रद्युत, तरुण, दिब्येंदु और पार्थ घोष उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन नेपाल चंद्र दास ने दिया।

## दिव्यांग बच्चों की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर :** झारखंड शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा अंतर्गत वर्ष 2024-25 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, गोलमुरी में किया गया। विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने 50 व 100 मीटर दौड़, एप्पल रेस, बॉल थ्रो सहित आठ प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अनीता सिन्हा ने किया। प्रतियोगिता का संचालन पुरुषोत्तम कुमार, प्रतिभा कुमारी और संजय कुमार की देखरेख में हुआ। ह्ल

# रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में पासिंग आउट परेड, 962 अग्निवीर बने भारतीय सेना का हिस्सा

संवाददाता

**रामगढ़ :** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ छावनी के किलाहरी ग्राउंड में अग्निवीरों के गौरवशाली पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल मानवेंद्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल के द्वारा किया गया। अग्निवीर रिक्रूटर्स ने देश की आन, बान और शान की रक्षा करने के लिए अंतिम पग रखा और भारतीय सेना के अभिन्न अंग बन गए। रामगढ़ जिले में अवस्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर का इतिहास वीरता से भरा और गौरवशाली रहा है। अपने देश की सेवा में पंजाब रेजिमेंट के बहादुर जवानों ने अपना सर्वस्व बलिदान करते हुए न केवल पंजाब रेजिमेंट का अपितु राष्ट्र के गौरव को भी बढ़ाया है। पासिंग आउट परेड में छठे बैच के 962 अग्निवीर सैनिक शामिल हुए। जिन्हें 31 सप्ताह का कठिन शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण दिया गया था।



इस मौके पर पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल मानवेंद्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल ने इस स्मरणीय अवसर पर अग्निवीरों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होने ट्रेनिंग स्टाफ और इंस्ट्रक्टर के अथक प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने इन युवाओं को सक्षम, जिम्मेदार और भविष्य के दूरदर्शी सैनिकों के रूप में ढालने के लिए बेहतर प्रयास करते हुए उनमें कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण जैसे मूल्यों को स्थापित किया।

**31 सप्ताह की हुई थी ट्रेनिंग**

31 हफ्तों की कठिन ट्रेनिंग के दौरान आपको नई तकनीकी उपकरणों की विधिवत जानकारी , कंप्यूटर की ट्रेनिंग, शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास और आधुनिक हथियारों के संचालन करने की ट्रेनिंग दी गई। इसके अलावा हर समय तैयार रहने को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से ट्रेनिंग दी गई है, ताकि भविष्य में आने वाली हर चुनौतियां का मुकाबला कर सकें।

समारोह के अंत में अग्निवीरों ने संविधान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय सुरक्षा, वर्दी का सम्मान और भारतीय सेना की सब से समृद्ध परंपराओं को बनाए रखने की शपथ ली। सम्मान और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में सभी माता- पिता को पारंपरिक 'गौरव पदक' प्रदान किया गया, जिन्होंने स्वेच्छा से अपने बच्चों को देश की सेवा करने की अनुमति दी और उन्हे प्रेरित किया।

## सुंडी शौंडिक महासम्मेलन में शामिल होंगी दिल्ली की सीएम



संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता एवं अंतरराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के संयोजक मंडली के सदस्य बीरेंद्र साहु ने बताया कि 14 दिसंबरको आयोजित अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि रेखा गुप्ता माननीय मुख्यमंत्री दिल्ली से कार्यक्रम के पूर्व उनके सचिवालय स्थित कार्यालय में कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक शिव रतन प्रसाद गुप्ता के अगुवाई में दिल्ली सुंडी समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज, झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ एवं अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में अरुण पंजीयार, श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो राम अवतार महतो,वेद प्रकाश, उदय साहु,बीरेंद्र साहु, अरुणदेव कुमार, रामनारायण गुप्ता,रंजन कुमार (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट), हीरालाल प्रधान,सरीखे जैसे अनेक लोगों ने मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी से भेंट कर औपचारिक रूप से उन्हें विधिवत आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने का पूर्व सहमति के आलोक में आग्रह किया। माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी ने उनसे मिलने गए प्रतिनिधियों से अन्य सभी अतिथियों की जानकारी प्राप्त कर साकारात्मक विचार देते हुए कार्यक्रम की तैयारी एवं भव्यता देखकर प्रसन्नता व्यक्त कर तय समय पर कार्यक्रम स्थल पर शामिल होने की स्वीकृति प्रदान किया। अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता जी लगातार सभी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली प्रवास में रहते हुए आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, नेपाल, मॉरीशस, दुबई, जैसे अनेक देशों के प्रतिनिधियों से सीधा संपर्क स्थापित कर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है। जिसका साकारात्मक सहयोग सभी आगत प्रतिनिधिमंडल का मिल रहा है। कार्यक्रम स्थल प्यारेलाल भवन आर टी वो के आस पास होडिंग, तोरण द्वार,पताकाओं एवं बैनर से सजाया जा रहा है इस कार्य के प्रभारी अरुण पंजियार जी ब खूबी निभा रहे हैं। देश विदेश से आ रहे प्रतिनिधियों को ठहराने की व्यवस्था, धर्मशालाओं, एवं होटलों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिनिधि हवाई मार्ग, रेल मार्ग से पहुंचेंगे सभी सम्मानित प्रतिनिधियों को स्वागत के साथ रेलवे स्टेशन एवं हवाई अड्डे पर स्वागत समिति के सदस्यों को जवाबदेही दी गई है।

## प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना



बिनय मिश्रा

**देवघर :** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने बाबा बैद्यनाथ का दर्शन-पूजन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा दर्शन पश्चात मौके पर उपस्थित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा एवं डायरेक्टर पीएमओ पार्थिबन पी. को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान किया। इस दौरान उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## चाईबासा मुख्यालय डीएसपी शिवेंद्र को मिली आईपीएस में पदोन्नति

ज्योति पाठक

झारखंड पुलिस के वरीय पुलिस अधिकारी शिवेंद्र को आईपीएस में पदोन्नति मिल गई है शीघ्र ही इसकीअधि सूचना भी जारी होगी झारखंड के तेज तर्रारऔर उपलब्धि भरे

कार्यो के लिए पहचाने जाने वाले शिवेंद्र झारखंड के उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं श्री शिवेंद्र वर्तमान समय में चाईबासा हेडक्वार्टर डीएसपी के रूप में पदस्थापित हैं। वे जहाँ भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्य प्रणाली से लोगों के बीच हमेशा लोकप्रिय पदाधिकारी के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनाई।



आईपीएस में पदोन्नति मिलने के पश्चात झारखंड के वरीय पत्रकार विनय मिश्रा ने उन्हें अपनी शुभकामना दी और कहा की श्री शिवेंद्र झारखंड के उन पुलिस अधिकारी में शामिल है जिनके बेहतर और उत्कृष्ट कार्य ही उनकी सशक्त पहचान है ऐसे पुलिस अधिकारी से विभाग और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## गोईलकेरा में कार्यरत जोबा पॉल के पुण्यतिथि पर गर्म कपडों का हुआ वितरण

संवाददाता

**गोईलकेरा :** रेफरल अस्पताल में कार्यरत नर्स जोबा पॉल की पुण्यतिथि पर उनके परिजन और स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच गर्म और ऊनी कपडों का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य को लोगों ने काफी सराहा। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए विशाल जयसवाल ने बताया कि जोबा पॉल की पुण्यतिथि पर रेफरल अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों और अधिकारियों के द्वारा उनके कार्यों को याद करते हुए उनकी स्मृति में ऐसे पुनीत कार्य हर वर्ष किए जाते हैं।



## गिरिडीह गोलीकांडः बदले की आग में दो दिनों तक भूखा रहा जग्गू, रेकी की फिर मार दी गोली

संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार की शाम हुए गोलीकांड में शामिल पांच आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिस पिस्टल से गोली चलाई गई थी, उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में झगरी निवासी जाकिर अंसारी उर्फ जग्गू, मो रूस्तम अंसारी उर्फ बबलू अंसारी और मो फैयाज अंसारी उर्फ छोटू अंसारी, नयाधौड़ा निवासी मो असलम मंसूरी और बेंगाबाद के अधनचुंआ निवासी मो इरशाद अंसारी उर्फ सोनू शामिल है।

**चंद घंटे में अपराधियों तक पहुंची पुलिस**

एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि घटना के बाद सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की और एक-एक कर सभी पांचों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने कहा कि पकड़े गए सभी अपराधियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। वहीं जिस कंट्री मेड पिस्टल से गोली चलाई गई थी, उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया गया है।



**पूछताछ में मुख्य आरोपी ने उगला राज**

इधर गिरफ्त में आए जग्गू ने घटना का कारण और प्लानिंग भी पुलिस को बताया है। पूछताछ में जग्गू ने बताया कि उसकी बहन की मौत के बाद बहनोई असलम जेल चला गया। लेकिन असलम का बहनोई खुर्शीद जेल नहीं गया। इसे वह बर्दाश्त नहीं कर सका था। ऐसे में उसने खुर्शीद को मारने की योजना बनाई। चूंकि खुर्शीद अंबाटांड़ में रहता था। ऐसे में वह उसको टारगेट में ले नहीं पा रहा था।

**गोली मारने से पहले आरोपी ने की रेकी**

आरोपी जग्गू को जब यह पता चला कि झगरी में बनाए नए घर पर खुर्शीद आता है। इस जानकारी के बाद उसने खुर्शीद की रेकी करना शुरू किया। दो दिनों की रेकी के बाद मंगलवार को मौका मिला तो गोली मार दी। पुलिस की पूछताछ में जग्गू ने यह बताया कि वह हर हाल में खुर्शीद को मारना चाहता था और यही सोच कर उसने दो दिन खाना भी नहीं खाया था।

छापेमारी को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। टीमों ने चंद घंटे में पता लगा लिया कि हमला करने वाले कहां-कहां भागे हैं। पुलिस ने दो लोगों को गांडेय के कुसईया से, एक को बेंगाबाद के अधनाचुवां से और दो को झगरी से गिरफ्तार किया है। छापेमार दल में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, मुफस्सिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह, गांडेय थाना प्रभारी आनंद कुमार सिंह, अवर निरीक्षक विवेक कुमार माथुरी, संजय कुमार, बद्धेश्वर उरांव, मुकेश कुमार पंडित, शैलेंद्र कुमार सिंह, सअनि चंदन तिवारी और सुबोध कुमार दास मुख्य रूप से शामिल थे।